*  ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 104

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

चंपाई सोरेन के हाथ झारखंड की कमान



**जोहार,**

झारखण्ड अलग राज्य होने के 20 वर्षों बाद, विषम परिस्थितियों में भी हेमन्त बाबू के कुशल नेतृत्व में जो कामकाज और योजनाएं यहां के आदिवासियों-मूलवासियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने हेतु चलायी गयी हैं, यह गठबंधन सरकार, उस काम को और तेजी से आगे बढ़ाने का काम करेगी।

यहां के सभी वर्गों, जैसे युवा, बच्चे, बुजुर्गों, महिलाएं, किसानों और मजदूरों को हक-अधिकार देने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए जनहित में हम काम करेंगे।

झारखण्ड में जल-जंगल-जमीन को लेकर वर्षों से संघर्ष हुआ है। यहां के आदिवासियों-मूलवासियों के अस्तित्व और अस्मिता को संरक्षित करने का काम हमें करना है।

हमारा प्रयास रहेगा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिदो- कान्हू और बाबा तिलका मांझी समेत सभी वीर शहीदों के आदर्शों को धरातल पर उतार कर, राज्यवासियों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला सके।

यह बहुत बड़ा दायित्व मुझे मिला है जिसे मैं पूरी लगन से निभाऊंगा।

जय हिन्द !
जय झारखण्ड !



**चम्पाई सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 317765 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

03 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 104







# चंपाई के हाथ झारखंड की कमान

## कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता भी बने मंत्री, ली शपथ

- विधानसभा में 5 फरवरी को बहुमत साबित करेंगे
- गठबंधन दल के 43 विधायक और नेता हैदराबाद हुए शिफ्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में गठबंधन दल (झामुमो, कांग्रेस और राजद) की नयी सरकार का शुक्रवार को गठन हो गया। झामुमो नेता चंपाई सोरेन के हाथों झारखंड की कमान सौंपी गयी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी। उनके साथ कांग्रेस कोटा से आलमगीर आलम और राजद कोटा से सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली। शपथ के तत्काल बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कैबिनेट की बैठक बुलायी। इसमें 5-6 फरवरी को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मंजूरी दी गयी। चंपाई सरकार 5 फरवरी को अपना बहुमत साबित करेगी। राज्यपाल ने सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है। उधर, गठबंधन दल के सभी विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट कर दिया गया है। वह 5 फरवरी की सुबह लौटेंगे।

**राज्य के बारहवें मुख्यमंत्री बने:** गौरतलब है कि हेमंत सोरेन की बुधवार को गिरफ्तारी के साथ ही चंपाई सोरेन को गठबंधन दल का नेता चुना गया था। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के साथ ही चंपाई ने राज्यपाल को 43 विधायकों का हस्ताक्षर युक्त समर्थन पत्र देते हुए सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की थी। राज्यपाल ने गुरुवार रात को उन्हें कार्यवाहक मुख्यमंत्री नियुक्त किया। इसके बाद शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे राजभवन में आयोजित सादे समारोह में राज्यपाल ने चंपाई, आलमगीर और भोक्ता को शपथ दिलायी। चंपाई सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बनने वाले राज्य के सातवें नेता हैं, जबकि 12वें मुख्यमंत्री होंगे।

**कैबिनेट की बैठक में तीन प्रस्ताव मंजूर:** शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन प्रोजेक्ट भवन पहुंचे। यहां मुख्य सचिव एल ख्यांगते समेत अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। चंपाई की अध्यक्षता में सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। इसमें तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इनमें विधानसभा के बजट सत्र को विलोपित किया गया, जो 9 फरवरी से 29 फरवरी तक प्रस्तावित था। दूसरा प्रस्ताव 5 और 6 फरवरी को विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित करने और तीसरा राजीव रंजन को फिर से महाधिवक्ता बनाये जाने को मंजूरी दी गयी। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गयी। मुख्यमंत्री करीब 20 मिनट प्रोजेक्ट भवन में रुके।

**विधायक हैदराबाद शिफ्ट, पांच फरवरी को लौटेंगे:** चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन के विधायक विशेष विमान से हैदराबाद रवाना हो गये। वह शाम को हैदराबाद पहुंचे। इन्हें हैदराबाद के लिओनिया रिसॉर्ट में ठहराया गया है। हैदराबाद जानेवालों में गठबंधन दलों के 43 नेता (विधायक समेत अन्य) शामिल हैं। ये 5 फरवरी की सुबह सात बजे तक वहां ठहरेंगे। स्पेशल फ्लाइट से ये 5 फरवरी की सुबह हैदराबाद से रांची के लिए चलेंगे। उनकी देखरेख के लिए तेलंगाना कांग्रेस के नेता लगे हैं।



### कांग्रेस कोटा से आलमगीर ने शपथ ली



आलमगीर आलम कांग्रेस विधायक दल के नेता हैं। वह 1995 में पाकुड़ विधानसभा से पहली बार कांग्रेस से चुनाव लड़ा और हार गये थे। इसके बाद 2000 में हुए चुनाव में उन्होंने जीत हासिल की। अविभाजित बिहार में विधायक चुने गये। पहली बार झारखंड में 2005 में चुनाव हुआ। पाकुड़ विधानसभा से आलमगीर फिर विधायक बने। मधु कोड़ा की सरकार में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष भी बने। हेमंत सरकार में वह संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री थे। एक बार फिर चंपाई सरकार के लिए उन्हें मंत्रिपद की शपथ दिलायी गयी।

### राजद से सत्यानंद ने शपथ ली



सत्यानंद भोक्ता चतरा विधानसभा सीट से राजद के विधायक हैं। भोक्ता अब तक तीन बार विधायक चुने गये हैं। तीसरी बार मंत्री भी बने हैं। राजद के पहले वह भाजपा और झाविमो में रहे। अर्जुन मुंडा सरकार के समय 2004 में पहली बार मंत्री बने थे। उन्हें राजद कोटे से एक बार फिर मंत्री बनाया गया है।

### हेमंत का कार्यकाल शानदार : चंपाई

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हेमंत सोरेन ने जो काम शुरू किया है, वह उसे आगे बढ़ायेंगे। पिछली सरकार ने जो विकास कार्य शुरू किये थे, उन्हें और गति देंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष झारखंड को अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन हमारा गठबंधन हमारी शक्ति है। हम सब मिल कर राज्य को नयी दिशा देंगे। जनता की आशा, आकांक्षा के अनुरूप हम काम करेंगे। हमारी सरकार राज्य के सभी वर्ग, समुदाय के लिए काम करेगी। वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने राज्यवासियों को बधाई दी। चंपाई ने कहा कि पिछली सरकार ने चार वर्षों में काफी काम किया। हेमंत सोरेन की अगुवाई में कोरोना काल में बेहतरीन काम हुआ। आदिवासियों और मूलवासियों के लिए काम किया जायेगा और आंदोलनकारियों के सपनों को मजबूत किया जायेगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। कानून व्यवस्था बनाये रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड जल-जंगल और जमीन की भूमि है। आवश्यकता है आदिवासियों के अस्तित्व की रक्षा करने की। बड़ी जिम्मेदारी मिली है, जिसे निभाऊंगा। विपक्ष ने राज्य सरकार के लिए बाधाएं पैदा करने की कोशिश की हैं, पर उनके नापाक इरादे पूरे नहीं होने देंगे। एक सवाल के जवाब में कहा कि विधायकों को हैदराबाद भेजने में कोई दिक्कत नहीं, वे आनंद लेंगे और वापस आ जायेंगे।

## हेमंत सोरेन पांच दिन की इडी रिमांड पर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पीएमएलए की विशेष अदालत ने पांच दिनों के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की रिमांड पर भेज दिया है। इडी ने अदालत से 10 दिनों की रिमांड मांगी थी। मामले की सुनावाई गुरुवार को ही हुई थी, लेकिन कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिस पर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन को आधे घंटे परिवार और अपने अधिवक्ता से मिलने की छूट दी गयी है। गौरतलब है कि हेमंत को इडी ने बुधवार को जमीन फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार किया था। उन्हें गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया था। रिमांड अवधि शुक्रवार से शुरू होनी थी। कहा गया था कि इन पांच दिनों की रिमांड अवधि के दौरान हेमंत सोरेन इडी हिरासत में रहेंगे। अधिवक्ता ने हेमंत सोरेन की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें इडी कार्यालय की बजाए किसी सुरक्षित स्थान पर रखे जाने की दलील पेश की है। रिमांड अवधि के दौरान रात में हेमंत सोरेन की सुरक्षा को लेकर एक पिटीशन इडी कोर्ट में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से दायर की गयी है। इसमें कहा गया है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से रिमांड अवधि के दौरान हेमंत सोरेन पर पूरा कंट्रोल इडी को नहीं दिया जाना चाहिए। इडी के पास हेमंत सोरेन की जान को खतरा है। इडी के पास सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है। इडी खुद की सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर है। जेल परिसर की अपनी सुरक्षा व्यवस्था होती है। इसलिए रिमांड अवधि में इडी हेमंत सोरेन से दिन में पूछताछ करे, इसमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन रात में हेमंत सोरेन को बिरसा मुंडा जेल में रखा जाये। इडी की ओर से हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने विरोध करते हुए कहा कि रिमांड में दो तरह की कस्टडी नहीं होती है, आधी-आधी कस्टडी नहीं हो सकती। पूछताछ के बाद कहां रखा जाये, इस पर कोर्ट में बहस हुई। इसके बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इस पर फैसला शनिवार को आयेगा। उधर, इस मामले में हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने गिरफ्तारी के खिलाफ सोरेन की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले हाइकोर्ट जाना चाहिए था। कोर्ट ने कहा कि हम एक व्यक्ति को अनुमति देंगे तो सभी को देनी होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हाइकोर्ट जायें



## न्यूज रील्स

### मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव बने विनय चौबे



रांची। राज्य सरकार ने आइएएस अधिकारी विनय चौबे को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के प्रधान सचिव के पद पर नियुक्ति किया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही विनय चौबे ने पद से इस्तीफा दे दिया था। वे वेटिंग फॉर पोस्टिंग हो गये थे।

### इडी के सामने पेश नहीं हुए केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को इडी के सामने पेश नहीं हुए। इडी ने पिछले दिनों शराब घोटाला मामले में पेश होने उन्हें पांचवां समन भेजा था। केजरीवाल पंजाब के सीएम भगवंत मान और हरियाणा के पार्टी नेताओं के साथ भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में हमारी पार्टी का मेयर बने या भाजपा का, हमें फर्क नहीं पड़ता। पार्टियां आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। भाजपा ने चुनाव के साथ खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है।

### कांग्रेस 40 सीट भी नहीं जीत पायेगी: ममता



कोलकाता। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को मुर्शिदाबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस पार्टी को इतना अहंकार किस बात का है। मुझे नहीं लगता कि वो 300 में से 40 सीट भी जीत पायेगी। कांग्रेस पार्टी पहले जहां-जहां जीतती थी, अब वहां भी हारती जा रही है। अगर उसमें हिम्मत है तो बनारस और प्रयागराज में भाजपा को हराकर दिखाये।

### ज्ञानवापी तहखाने में पूजा रोकने से इनकार



वाराणसी। ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा-पाठ पर रोक लगाने से इलाहाबाद हाइकोर्ट ने इनकार कर दिया है। मुस्लिम पक्ष की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एडवोकेट जनरल को कानून व्यवस्था रखने का निर्देश दिया है। मामले पर अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

## कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंची पाकुड़

# अपनी बात कहने नहीं, आपकी बातों को सुनने आये हैं: राहुल

- कांग्रेस नेता का हुआ भव्य स्वागत, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी पहुंचे
- गठबंधन एकता से हम भाजपा को देंगे मुंहतोड़ जवाब: चंपाई सोरेन

कार्तिक कुमार

**पाकुड़।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हम भाजपा की जांच एजेंसी से डरनेवाले नहीं हैं। हम आपकी मन की बात को सुनने आये हैं। हम अपनी बात कहने नहीं आये। आपकी बातों को सुनेंगे। राहुल गांधी शुक्रवार को पाकुड़ में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार शाम 5 बजे पश्चिम बंगाल के रास्ते पाकुड़ पहुंची। पाकुड़ के नसीरपुर गांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। झारखंड सीमा से राहुल राहुल खुली गाड़ी पर सवार होकर रोड शो करते हुए नसीरपुर के सभा स्थल तक पहुंचे। पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद अधीर रंजन चौधरी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राष्ट्रीय ध्वज को मंच पर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के हाथों में सौंपा। सभा स्थल पर उपस्थित जन सैलाब को राहुल गांधी ने हाथ दिखा कर अभिवादन किया। इसके बाद संक्षिप्त में संबोधित किया।

राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी लागू की, जिससे छोटे व्यापारी और मिडिल क्लास के लोगों का कारोबार खत्म हो गया। उनकी रीढ़ तोड़ दी गयी। नतीजा यह है कि सबसे ज्यादा आज देश में बेरोजगारी बढ़ी है। यहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। भारत में गिने चुने उद्योगपति घरानों के पास ही सारा का सारा पैसा जा रहा है। सामाजिक न्याय की लड़ाई हम लड़ने के लिए निकले हैं, इसमें आप सबों का साथ चाहिए।

सभा में आम लोगों के साथ-साथ कांग्रेस और झामुमो के नेता, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के अलावा कांग्रेस नेता जयराम रमेश, सुबोधकांत सहाय, बंधु तिर्की, प्रदीप यादव, तनवीर आलम सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित किया।



### झारखंड में राहुल की यात्रा

संथाल में प्रवेश के साथ ही राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का झारखंड में आगाज हो गया। सभा संपन्न करने के बाद राहुल पाकुड़ टाउन में लोगों से मिलते हुए लिटीपाड़ा के लिए प्रस्थान कर गये। रामपुर गांव में रात्रि विश्राम के बाद राहुल शनिवार को गोड्डा होते हुए देवघर जायेंगे। देवघर में सभी यात्री मोहनपुर मैदान में भोजन करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी देवघर में बाबा वैद्यनाथ की पूजा अर्चना भी करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी टावर चौक से वीर कुंवर सिंह चौक तक पदयात्रा करते हुए अंबेडकर चौक, रोहिणी, देवीपुर, बुढ़ई, भिरखीबाद के रास्ते जगदीशपुर से गिरिडीह के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। राहुल शनिवार कोठिया मोड़, शुंभेश्वरनाथ मोड़ दुमका से गुजरेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। राहुल देवघर में भी एक सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह धनबाद के लिए निकल जायेंगे। यहां रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद रविवार को धनबाद से रांची और जमशेदपुर होते हुए यात्रा आगे बढ़ेगी।

### भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देंगे: चंपाई



पाकुड़ (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लंबी लड़ाई लड़ कर देश को आजादी मिली, लेकिन आज भी गुलामी की जिंदगी जी रहे हैं। झारखंड की जनता आदिवासी, मूलवासी एक साथ लड़ कर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देंगे। झारखंड में भाजपा को खड़ा नहीं होने देंगे। हमारा गठबंधन आनेवाले चुनाव में मिल कर मुहतोड़ जवाब देगा।

### भाजपा सफल नहीं हो पायी: आलमगीर



पाकुड़ (आजाद सिपाही)। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड में आज जिस तरह से सरकार को गिराने की भाजपा ने साजिश रची थी, वह सफल नहीं हो पाया। भाजपा अपने मंसूबे में सफल नहीं हो पायी। आने वाले समय में झारखंड और देश की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।



भारत सरकार



विकसित भारत के लिये
विकसित ओडिशा

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा

# 68 हजार करोड़ से अधिक की 18 परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं शिलान्यास

शनिवार, 3 फरवरी 2024 | सुबह 10:00 बजे

## भव्य उदघाटन

- राष्ट्रीय राजमार्ग - 520 का रिमुली कोइड़ा खंड 4 लेन
- राष्ट्रीय राजमार्ग - 143 का बीरमित्रपुर ब्राह्मणी बाईपास खंड 4 लेन
- राष्ट्रीय राजमार्ग - 143 का ब्राह्मणी बाईपास राजामुंडा खंड 4 लेन
- लखनपुर में स्थित आईबी वैली वॉशरी (10 एमटीपीए)
- जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन परियोजना का धामरा-अंगुल पाइपलाइन खंड (412 किमी)
- लाजकुरा आरएलएस
- भुवनेश्वरी फेज-1 सीएचपी साइलो
- आईआईएम संबलपुर

## शुभारम्भ

पुरी-सोनपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस

## लोकार्पण

- एनटीपीसी दर्लिपालि सुपर थर्मल पावर स्टेशन (2 x 800 मेगावाट)
- एनएसपीसीएल राउरकेला पीपी-II विस्तार परियोजना (1 x 250 मेगावाट)
- झारसुगुड़ा-बारपाली-सरडेगा रेल लाइन दोहरीकरण
- संबलपुर - तालचेर रेलवे लाइन दोहरीकरण ( 168 किमी)
- खोरधा रोड - बलांगीर नई रेल लाइन का झारतरभा - सोनपुर रेलखंड (21.7 किमी)
- झारसुगुड़ा का नवीनीकृत प्रधान डाकघर विरासत भवन

## शिलान्यास

- एनएलसीआईएल तालाबीरा ताप विद्युत परियोजना (3X800 मेगावाट)
- मुंबई - नागपुर - झारसुगुड़ा पाइपलाइन परियोजना का नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन खंड ( 692 किमी)
- एनटीपीसी तालचेर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट चरण - III ( 2X660 मेगावाट)
- संबलपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री रघुवर दास**
माननीय राज्यपाल, ओडिशा

**श्री नवीन पटनायक**
मुख्यमंत्री, ओडिशा

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान**
केन्द्रीय मंत्री, शिक्षा तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय मंत्री, रेल, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी

**श्री विश्वेश्वर टुडु**
केन्द्रीय राज्य मंत्री जल शक्ति तथा जनजातीय कार्य

**श्री नीतेश गंगा देब**
सदस्य लोकसभा

**श्री नौरी नायक**
सदस्य ओडिशा विधानसभा

LIVE TELECAST AT DD NEWS & YouTube

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## रथाही माता मंदिर प्रांगण में 3 फरवरी को होगी बैठक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रथाही माता मंदिर प्रांगण में सनातन धर्म के लोगों की 3 फरवरी को 11 बजे दिन बैठक रखी गयी है। इसमें आय व्यय, मंदिर को मिली राशि का नेमप्लेट जो मंदिर प्रांगण में रखा हुआ है काफी दिनों से जिसे अभी तक नहीं लग पाया उस पर विचार विमर्श, रथाही मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर होने वाले कार्यक्रम पर विचार विमर्श होगा। इस आशय की जानकारी रथाही माता प्रबंधन समिति के सचिव सेनि शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी ने दिया। उन्होंने उक्त बैठक में लोगों से भाग लेने की अपील की है।

## मिड डे मील रसोइया संघ की बैठक 4 को



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रदेश उपाध्यक्ष एटक सोनिया देवी ने बताया कि 16 फरवरी को देशव्यापी आम हड़ताल को लेकर झारखंड राज्य स्कूल मिड डे मील रसोइया संघ एंटक कोडरमा की बैठक झुमरीतिलैया ब्लॉक मैदान में 4 फरवरी समय 11 बजे रखा गया है। इसमें जिले भर की रसोईया भाग लेगी। 16 फरवरी की हड़ताल को लेकर जोर-शोर से तैयारी किया जा रहा है। जिसमें कोडरमा जिले में सभी स्कूल में धुआं बंद रहेगा। हड़ताल को लेकर रसोइया अपने मांगों को लेकर एक दूसरे से संपर्क कर रही है। जागरूक कर रही रसोइया लोग को सरकारी कर्मचारी की दर्जा दो, मध्यान भोजन कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी 26 हजार दो, जलने कटने पर चिकित्सा भत्ता दिया जाये। सेविका संघ की जिला अध्यक्ष सरिता रानी ने बताया कि पोषाहार की राशि वर्तमान दर पे दिया जाये। गैस सिलेंडर भरवाने का खर्च दिया जाये। मोबाइल का सेविका को मोबाइल से ही ज्यादा काम करना पड़ता है। घटिया कंपनी का मोबाइल दिया गया है जो नेट का प्रॉब्लम झेलना पड़ता है। अच्छा कंपनी का मोबाइल दिया जाये। मोबाइल खर्च भी दिया जाये। पोषाहार राशि जल्द दिया जाये, सेविका लोगों को योग्यतानुसार प्रमोशन किया जाये।

## दो वाहनों की हुई टक्कर, चालक घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा कोवाड़ मुख्य मार्ग पर पंचखेरो नदी के पुल राधा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की सुबह 8 बजे ट्रक और हाइवा की सीधी टक्कर में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ईट लोड ट्रक जेएच02एफ 7222 कोडरमा की ओर से गिरिडीह की ओर जा रही थी। पंचखेरो नदी के पुल को पास करते ही सामने से आ रहे बोल्डर लदे हाइवा जेएच12 एच 2313 से सीधी टक्कर हो गयी जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां पंहुचे ग्रामीण ट्रक चालक को इलाज के लिए ले गये। वहीं दोनों वाहनों की टक्कर मे ट्रक के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की खबर सुनते ही मरकच्चो थाना के एसआईएसएन मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पंहुचे। दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर आवागमन को चालु करवाया। उपस्थित स्थानीय लोगों के अनुसार घटना का कारण सुबह का घना कोहरा बताया जाता है।

## अंतरिम बजट युवाओं के साथ धोखा: प्रकाश रजक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य सह जिला मंत्री कोडरमा प्रकाश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अंतरिम बजट में देश के आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है। कहा कि यह बजट देश के कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाला बजट है। इससे गरीबों का कोई लेना-देना नहीं है। गरीब जो जहां है उससे कोई लाभ नहीं होने वाला है। हालांकि इस बजट से लोगों को काफी आसरा था मगर वह पूरा नहीं हो सका। जिस तरह से महंगाई बढ़ती जा रही है उस पर कोई भी बात नहीं बनी। देश के युवाओं को नौकरी पर कोई बात नहीं की गयी। यह अंतरिम बजट 2024 लोकसभा चुनाव के लिए दिखावा है।

## दारू प्रखंड के बीड़ओ का हुआ तबादला जवाहर प्रसाद को मिला प्रभार



**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारु प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह का तबादला हो गया। प्रखंड के नये शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार जवाहर प्रसाद को दिया गया है जबकी वह केरेडारी प्रखंड को संभाल रहे हैं। शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह ने नये अधिकारी को बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर जवाहर प्रसाद ने कहा बिआरसी के सभी सदस्यों को एक परिवार जैसा मिलजुल कर काम करना है और प्रखंड का नाम जिला में नंबर वन पर लाना है जब तक हम सभी मिलजुल कर काम नहीं करेंगे तब तक हमारा प्रखंड नंबर वन नहीं हो पायेगा। इस मौके पर बीपीएम रोहित केसरी, शिबू पासवान, दशरथ प्रसाद, निशा कुमारी, रेनू रागिनी, गौतम पांडे आदि मौजूद थे।

## प्रखंड सभागार में गुरुगोष्ठी का आयोजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रखंड सभागार में शुक्रवार को गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से नए प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ कुमार उपस्थित हुए। बीडीओ सौरभ कुमार ने सभी शिक्षकों से आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। जिसमे विद्यालय में रैंप, शौचालय, बिजली, पानी आदि दुरुस्त करने के लिए कहा गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद और बीपीओ अशोक उपाध्याय ने विद्यालय में चल रहे विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रयास कार्यक्रम, रेल प्रोजेक्ट, मूल्यांकन को ऑनलाइन करना आदि पर जानकारी किया एवं जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा गया। वहीं फाइलेरिया उन्मूलन पर शिक्षकों को बताया गया की इसके तहत सभी आयुवर्ग के लोगो को इसकी रोकथाम के लिए गोली खिलायी जायेगी। मौके पर बीआरपी मो शहजाद आलम, बिरेंद्र कुमार, सीआरपी संतोष कुमार, आरटी उमेश कुमार यादव, सुजीत कुमार, एम डी एम छोटन प्रसाद यादव, कन्हैया कुमार, शिक्षक रमेशदेव प्रजापति, विष्णु प्रसाद यादव, अरविंद कुमार, हेमंत कुमार राय, मानसिंह पासवान, अर्चना कुमारी, विमला कुमारी सिन्हा, सरोज कुमारी, नीतू कुमारी, नीता कुमारी, सुनीता कुमारी, अरुण सिंह, सरयू यादव, ओम प्रकाश रजक, अमित बास्के, उपेंद्र कुमार, श्रीदेव प्रसाद, संजय कुमार संत, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे।

## नव दंपति को दिया गया प्रोत्साहन किट

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में राज्य सरकार के निदेर्शानुसार नव युगल दंपति को नई पहल किट देकर सम्मानित किया गया। परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी और उसके उपयोग में लाने वाले सामग्री दी गयी। वहीं उपस्थित नव दंपति को प्रभावित चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सतनारायण भकत, प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी के द्वारा सामूहिक रूप से दर्जनों नव दंपति को किट देकर सम्मानित किया।

# उपायुक्त ने दिव्यांगजनों को दी बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने डीएमएफटी मद से 10 दिव्यांगजनो को बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल का वितरण किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद रहीं। समाहरणालय भवन परिसर में शुक्रवार को आयोजित वितरण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा चयनित और उपायुक्त के जनता दरबार में आये आवेदनों पर विचारोपरांत लाभुकों को बैटरी द्वारा संचालित ट्राई साइकिल का वितरण किया। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से बात भी की तथा अन्य दिव्यांग जो इस श्रेणी में आते है, उन्हे भी बैटरी संचालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने की बात कही। उपस्थित लाभुकों ने उपायुक्त की संवेदनशीलता पर धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को किया गया जागरूक




**फाइलेरिया रोग होने से डरना नहीं चाहिए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय असनाबाद के बच्चों को सीएससी कोडरमा के एमपीडब्ल्यू जागेश्वर यादव के द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया। बच्चों को फाइलेरिया रोग के बारे में बताते हुए एमपीडब्ल्यू जागेश्वर यादव ने कहा कि फाइलेरिया रोग होने से डरना नहीं चाहिए। इस रोग को इलाज से ठीक किया जा सकता है। यह रोग होने पर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र या डॉक्टर से मिलकर इसका इलाज कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा वर्ष में एक बार खिलायी जाती है। जो इस वर्ष 10 फरवरी, 2024 को बूथ पर और 11 में 25 फरवरी 2024 तक घर-घर में जाकर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दवा खिलायी जायेगी। उन्होंने बच्चों को शपथ दिलाया कि हम सभी जागरूक होकर इस रोग के बारे में लोगों को जागरूक करेंगें। मौके पर एमपीडब्ल्यू सुनील शर्मा, विद्यालय की सहायक शिक्षिका सीता कुमारी, सहायक अध्यापक कुमारी मीता, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## फाइलेरिया से बचाव को लेकर एमडीए की बैठक




**फाइलेरिया बीमारी के फैलने और उनके बचाव के बारे में दी गयी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** शुक्रवार को प्रखंड सभागर में फाइलेरिया बीमारी के बचाव और रोकथाम को लेकर प्रखंड मुख्यालय में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भकत, प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, जिप सदस्य नीतू कुमारी आदि लोगों के उपस्थिति में बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और झारखंड सेवा संस्थान के लोगों को फाइलेरिया बीमारी के फैलने और उनके बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सत्यनारायण भकत ने बताया कि फाइलेरिया फैलने का मुख्य कारण मादा क्यूलेक मच्छर से काटने से फैलता है। यह बीमारी नंदूडीह और मरचोई में ज्यादा फैला हुआ है। 10 फरवरी से 25 फरवरी तक एमडीए प्रोग्राम चलाया जा रहा है जिसमें डी ए सी के टैबलेट और एल्बेंडाजोल का टेबलेट सहिया साथी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दवा उपलब्ध कराया जायेगा जिसे खाना है।

## रिटायर प्रधानाध्यापक को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो राज्यकृत मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतेंद्र कुमार दीपक की विदाई में शुक्रवार को सम्मान समारोह मनाया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र से कई शिक्षक और गणमान्य लोग शामिल हुए। सम्मान सह विदाई समारोह में मंच का संचालन शिक्षक कोलेश्वर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, जिला परिषद राम प्रसाद, उमेश प्रसाद, भाजपा के वारिस्ट नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, सेवा निर्वित प्रधानाध्यापक सतेंद्र दीपक, प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवर ने सबसे पहले कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस शुभ अवसर पर सरयू प्रसाद, दशरथ नारायण सिंह, दयाल प्रसाद, अशोक कुमार, छोटन कुमार, अनिल कुमार, मनोज पांडेय, निर्मल प्रसाद, बसंत राम, पूर्व अध्यक्ष शिवनंदन सोनी, शिक्षक, प्रदीप प्रसाद, पिंटू रविदास, विजय कुमार, उषा कुमारी, ललिता देवी, सहित शिक्षक शिक्षिकाएं और ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

**सांसद प्रतिनिधि को बुलाकर किया बेइज्जत**

**अणपूर्णा देवी के सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल को मिडिल स्कुल झरपो के विदाई समारोह में बुलाकर बेइज्जती कर दिया। महेश ने बताया कि मुझे विद्यालय में विदाई समारोह में निमंत्रण मिला था। जब मैं विद्यालय परिसर में पहुंचा तो हमें वहां सम्मान नहीं मिला, इसका मुझे बहुत ही खेद है। हमे बुलाना ही नहीं चाहिए था। मेरा क्षेत्र का विद्यालय है और मुझे ही सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार ने न ही मुझे बैठने के लिए स्थान दिया और न ही दीप प्रज्ज्वलित के लिए आमंत्रित किया। मैं इस चीज का विरोध करता हूं।**

## पुलिस ने हत्या के आरोपी को भेजा जेल



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कराली गांव में रविन्द्र तिवारी हत्याकांड में हत्या के आरोपी मृतक के छोटे भाई बिरेन्द्र तिवारी को केरेडारी पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू और खून से सना हुआ कपड़ा भी बरामद किया है। बता दें की आपसी जमीनी विवाद में छोटे भाई बिरेन्द्र तिवारी ने अपने बड़े भाई रविन्द्र तिवारी की धारदार चाकू से वार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने सुरेन्द्र कुमार के फर्द बयान पर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिराशत में भेज दिया है।

# गोंदलपुरा खनन परियोजना: पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण के लिए ग्रामसभा आयोजित

**यह योजना भूमि अर्जन और पुनर्वासन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 16 (4) और (5) के प्रावधानों के अधीन है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटित गोंदलपुरा खनन परियोजना के लिए शुक्रवार को हजारीबाग जिला प्रशासन ने महुगाई कला पंचायत में ग्रामसभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सेंटर फॉर एडवांसिंग एंड लॉन्चिंग एंटरप्राइजेज (क्रेडल) के सलाहकारों ने परियोजना के भू-अर्जन के कारण होने वाले संभावित विस्थापितों और परिवारों के लिए बनी पुनर्वास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसे हजारीबाग के समाहर्ता सह प्रशासक ने तैयार किया है। यह योजना भूमि अर्जन और पुनर्वासन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 16 (4) और (5) के प्रावधानों के अधीन है। ग्रामसभा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। जिनमें से कुछ ग्रामीण जहां एक और परियोजना के समर्थन में थे। वहीं कुछ ग्रामीणों ने अपने पुनर्वसन और मुआवजे पर अपना नाराजगी व्यक्त करते हुए विरोध भी किया है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की तरफ से अधिकारियों ने ग्रामसभा का संचालन किया और ग्रामीणों के निवेदनों को दर्ज किया। मौके पर दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, सीआई अनुज कुमार, राजस्व कर्मी आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, और थानेदार विनोद तिर्की आदि मौजूद थे।

## बैंक खाते से उड़ी जमा राशि, खाताधारक परेशान

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लाभुकों का बैंक ऑफ इंडिया के खाते से राशि अपने आप उड़ जाने का मामला प्रकाश में आया है। मोबाइल में मैसेज आने के बाद खाताधारियों को पता चलता है कि उनके खाता से पैसा बिना निकासी निकल गया है। यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। खाताधारक रूबी देवी, प्रियंका देवी, झुमरी देवी, चंदा देवी, पिंकी देवी आदि ने बताया कि बैंक अकाउंट से पैसा दोपहर, शाम, सुबह, रात्रि में कट जा रहा है। जिससे हम सभी खाताधारक परेशान है। जब मोबाइल के मैसेज आता है तब पता चलता है कि मेरे खाता से दस हजार निकला है। हम लोग बैंक अधिकारियों के यहां लिखित और मौखिक शिकायत किये हैं पर समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अपने बच्ची की शादी करने के लिए बैंक में पैसा जमा किये थे। अब बैंक पर से विश्वास उठ गया है। बचे हुए पैसे बैंक से निकालकर खाता बंद करा देंगे। थाना में आवेदन देने जाते हैं तो नहीं लेता है। बताया जाता हैं कि यह कारनामा पिछले कई महीनों से चल रहा है। पैसा उड़ाने वाला गिरोह इतना सतर्क है कि पुलिस और बैंक के पकड़ में से बाहर है। ऐसे में आम जनता काफी परेशान है। इस मामले को लेकर बैंक ऑफ इंडिया बासोडीह और सतगावां के बैंक प्रबंधक आलोक रंजन ने बताया कि करीब दर्जनों से उपर खाताधारक का यह शिकायत मिली है खाता से राशि बिना निकासी हुए कट गयी है। इसकी जांच चल रही है। फिलहाल उन खातों को लॉक कर दिया गया है। कटे हुए राशि को बैंक किसी भी तरह इनके खाते में पुनः पहुंचाने का प्रयास करेगी। बैंक प्रबंधक ने खाताधारकों से अपील की है कि कहीं भी पैसा उठाने के लिए अंगूठा ना लगायें क्योंकि आधार कार्ड का फिंगरप्रिंट से किसी के द्वारा उठा लेने के कारण ही इस तरह का मामला सामने आ रहा है।

## बंदोबस्त कार्यालय के कर्मी दो दिनों से धरना पर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बंदोबस्त कार्यालय में कार्यरत नव नियुक्त कर्मी दो दिनों से धरना पर बैठे हैं कर्मी अपने 6 महीने की वेतन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसे झारखंड राज्य अहोहस्ताक्षरित कर्मचारी संघ का समर्थन प्राप्त हो रहा है। उनकी यह मांग है कि जब तक हमारा 6 महीने का वेतन हमें नहीं दिया जायेगा तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन धरना कार्यालय परिसर में ही देते रहेंगे। वही कर्मियों द्वारा यह भी बताया गया कि इसके लिखित सूचना जिले से लेकर राज्य के सभी वरीय पदाधिकारी को दे दी गयी है, परंतु अभी तक किसी भी पदाधिकारी ने हम सबको लेकर कोई पहल नहीं किया है। स्थिति यह हो गयी है कि पैसे के अभाव में हमारे बच्चों को स्कूल से निकाल दिया गया है। वही हमें खाने की भी लाले पड़ गये हैं। जल्द ही अगर हमारे वेतन की मांग पूरी नहीं की जाती है तो हमारा यह लड़ाई हमारा यह धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन तक चलता रहेगा।

## परीक्षार्थियों को दिये गये सफलता के टिप्स



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के बाजारटांड़ स्थित प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल में मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाली छात्राओं को सफलता के टिप्स दिये गये। प्री बोर्ड का रिजल्ट दिया जा रहा था। इस अवसर पर शिक्षकों ने मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की जानकारियां दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से मेहनत करनी चाहिये। इससे परीक्षा का भय समाप्त होता है। विद्यार्थियों के टेंशन को कम करने के अनेक उपाय बताये गये। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से पढ़ने तथा धैर्य के साथ परीक्षा लिखने की सलाह दी है। इस शैक्षणिक वर्ष में इस विद्यालय से लगभग 300 छात्राये मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों तथा अतिथियों के द्वारा मैट्रिक बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गयी। कार्यक्रम विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद, शिक्षक राजदेव प्रसाद, अजय कुमार, मनोज कुमार, पवन कुमार, रवि भूषण कुमार, सुनील कुमार, मंजू कुमारी, शालिनी गुप्ता, शांति कुमारी, शुभम प्रसाद आशीष आदि उपस्थित थे।

## बच्चों ने प्रतिभा का लहराया परचम



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इंदिरा गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, मंडई कला के बच्चों ने विद्यालय में अपनी प्रतिभाओं का परचम लहराया। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप (जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री), जिसमें विभिन्न विद्यालय और महाविद्यालय के लगभग दो सौ छात्र-छात्राओं ने दौड़ की प्रतियोगिता में भाग लिये। जिनमें से कैटोगरी सीनियर और जूनियर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। उनमें से जूनियर कैटोगरी में नवम वर्ग के छात्र प्रथम स्थान रंजन कुमार यादव, तृतीय स्थान राजकुमार को और छठा स्थान राजकुमार माली को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता छड़वा डैम से शुरू हुआ और हेदलाख मीडिल स्कूल में समाप्त हुआ। हेडलाख मिडिल स्कूल में बच्चों को कांग्रेस की युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कोमल राज के द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल के नवम वर्ग के छात्र राजकुमार ने कराटे में इंटरनेशनल लेबल पर हुए प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मैडल पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## विधायक ने किया सड़कों के निर्माण का भूमि पूजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण और मरम्मती कार्यो का शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव भूमि पूजन में नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख रेणु देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, मुखिया कलावती देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर मौजूद थे। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अमित यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है हर एक गांव सुखी व समृद्ध हो इसको लेकर गांव-गांव सड़कों से जोड़ने की महती योजनाएं क्रियान्वित हो रही है आने वाले दिनों में भी यह विकास का पहिया तेज गति से चलेगा। उन्होंने तीनो कार्यो के संवेदको ज्योति इंटरप्राइजेज और एम रीतलाल प्रसाद को निर्देश दिया कि ससमय और गुणवत्ता पूर्ण कार्यो का सम्पादन करें। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष टिंकू प्रसाद ने किया। मौके पर पुर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद, महामंत्री इन्द्रदेव यादव, छोटेलाल मेहता, समन ठाकुर, मो खलील अंसारी, विजय यादव, जीवन यादव, शंकर ठाकुर, दिलीप कुमार, बुलाकी मंडल, मनोज कुमार, राजकुमार प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, हिरालाल प्रसाद, अनिल आजाद, इन्द्रदेव यादव, राजकुमार प्रसाद, रामचंद्र राम, राजेश कुमार, द्वारिका पासवान, झखरु चौधरी, दिलीप कुमार, शंकर ठाकुर समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रीन गोला की सरकारी जमीन की जांच करने पहुंचे डीसी

### जमीन पर व्यक्ति विशेष के दावे को लेकर दस्तावेज खंगाले रहे अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के ग्रीन गोला की सरकारी जमीन को लेकर जिले के आला अधिकारी तक हलकान हो गये हैं। एक व्यक्ति विशेष के द्वारा इस सरकारी जमीन पर दावा पेश किया गया। उसके द्वारा उस जमीन पर दो बार जबरन दीवार खड़ी करने की भी कोशिश की गयी। इसके बाद भी रामगढ़ जिला प्रशासन सरकारी भूमि को पहचान दिलाने में सक्षम नहीं दिख रहा। शुक्रवार की शाम डीसी चंदन कुमार खुद वहां पहुंचे और उन्होंने गोलपार की उस जमीन का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने शहीद भगत सिंह पार्क और वहां बने अन्य सरकारी भवनों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिस भवन में मतदान केंद्र बनाया जाता है उसपर भी डीसी ने नजर डाली। इसके बाद उन्होंने उसे रास्ते पर चर्चा की जिसको भू माफियाओं के द्वारा दो बार जबरन बंद करने का प्रयास किया गया था। इस दौरान डीसी के साथ रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान और आंचल के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



### जमीन है सरकारी, पर कई हैं दावेदार

ग्रीन गोला के सरकारी जमीन 75 वर्षों पूर्व पीडब्ल्यूडी के द्वारा अधिग्रहित कर ली गयी थी। इसके दस्तावेज छावनी परिषद के कार्यालय में भी मौजूद हैं। गोल पार्क में बना सरकारी कुआं इस बात का गवाह है कि प्लॉट नंबर 290 का एक बड़ा रकबा पीडब्ल्यूडी ने अधिग्रहित किया था। वहां बाकायदा नक्शे में पीडब्ल्यूडी की पूरी जमीन को अंकित भी किया गया है। इस जमीन पर गोलपार्क पुरनी मंडप के रहने वाले वजीउद्दीन खान उर्फ गद्दा खान ने भी अपना दावा पेश किया है। उनका कहना है कि लगभग डेढ़ एकड़ जमीन उनके पूर्वजों के नाम पर यहां अंकित है। उसके पूरे दस्तावेज मौजूद हैं। इसके बाद इस जमीन पर तरन्नुम जहां अपना दावा पेश करती है। उनका कहना है कि वर्ष 2015 में जैन परिवार के वंशजों ने उन्हें वह जमीन बाकायदा रजिस्ट्री कर दी है। लेकिन जिस परिवार वालों ने उन्हें रजिस्ट्री किया है उसी के पूर्वजों ने छावनी परिषद को जमीन दान करते वक्त यह बताया था कि वह जमीन पीडब्ल्यूडी की है।

### छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष ने सरकारी जमीन के पेश किये सबूत

डीसी चंदन कुमार जब गोलपार्क की उस जमीन का मुआयना कर रहे थे, उस वक्त छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह भी वहां मौजूद थे। उन्होंने डीसी को उन सारे सबूतों के बारे में बताया जो यह बयां कर रहे थे कि वह जमीन सरकारी है। उन्होंने बताया कि कई वर्षों पहले वहां अनाज का भंडारण होता था। उसके बाद वहां सरकारी विद्यालय का संचालन भी होता था। इसके अलावा सांसद मद से वहां दो भवनों का निर्माण हुआ है। साथ ही इस सरकारी जमीन पर अस्पताल भवन भी बनाया गया है। इन सब के बावजूद उस सरकारी जमीन के फर्जी दस्तावेज भू-माफियाओं के द्वारा तैयार किये गये हैं। उसी के आधार पर उस जमीन पर अपना कब्जा जमाने की कोशिश की जा रही है।

## बिरसा सरस्वती विद्या मंदिर, धूमधाम से मना वर्षगांठ समारोह

कुजू (आजाद सिपाही)। छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत बड़कीडूंडी स्थित बिरसा सरस्वती विद्या मंदिर का 34 वां वर्षगांठ समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार और संचालन बरतू महतो ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में छोटकीडूंडी पंचायत के मुखिया रामसेवक महतो और विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य रीना कुमारी उपस्थित रहे। मौके पर छोटकीडुंडी पंचायत मुखिया रामसेवक महतो ने कहा कि शिक्षा ही एक अनमोल रत्न है। शिक्षा और ज्ञान एक ऐसी निधि है, जो बांटने से भी कम नहीं होती है बल्कि बढ़ती है। इसको पाकर शिक्षार्थी भी ज्ञानवान बनता है। अपना व अपने समाज का विकास करता है। इससे पूर्व, विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार की अगुवाई में आगत अतिथियों का स्वागत फूल माला पहनाकर और बुके भेंट कर किया। इस अवसर पर उप मुखिया गोपाल महतो, दशरथ साव, विष्णुदेव महतो, बाबूलाल महतो, अशोक महतो, जुगनू मुंडा, बुटन साव, साजिद हुसैन, घनश्याम मास्टर के अलावे शिक्षक जीवलाल महतो, जयनंदन महतो, पारसनाथ महतो, लोकनाथ महतो, परमेश्वर राम, विद्याधन सम्राट, चितरंजन टुडू, मोतीलाल महतो, गोविंद महतो, राजू साव, अन्नू कुमारी समेत अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विधायक के नेतृत्व में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का किया जायेगा स्वागत



पतरातू (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिले में कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोड़ों न्याय यात्रा चार और पांच फरवरी को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे। जिसकी तैयारी को लेकर पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी कि बैठक पीटीपीएस में हुई। बैठक की अध्यक्षता पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि दो दिवसीय भारत जोड़ों न्याय यात्रा में पतरातू प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में शामिल होंगे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जोरदार स्वागत करेंगे। पतरातू प्रखंड कमेटी के सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता आम जनो से न्याय यात्रा को समर्थन देने और देश के संविधान बचाने के लिए इस यात्रा में शामिल होने की अपील करेंगे। इस मौके पर डॉ के के शर्मा, उपेंद्र प्रसाद यादव, कृष्णा सिंह, अशोक प्रसाद, अनिल सिंह, तारिक रजा, अंजन प्रसाद, संजीव सिह, कमलेश राम, धीरज पटेल, दिनेश दास, राजेश पाठक, संजय साव, सहित दर्जनों कांग्रेस पार्टी के समर्थक उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय किसान मेला सह फल-फूल और सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन




चतरा (आजाद सिपाही)। कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय किसान मेला सह फल-फूल और सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त अबु इमरान शामिल हुए और दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें जिला के सभी प्रखंडों से सैकड़ों किसान अपने कृषि उत्पाद के साथ भाग लिए। किसान द्वारा लाये गये विभिन्न उत्पादों को वैज्ञानिकों द्वारा ग्रेडिंग के उपरांत श्रेष्ठ उत्पादों का प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया। मेले में कुल 25 प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शनी किया गया। साथ ही कृषि से संबंधित अन्य विभागों के साथ खाद्य, बीज, कीटनाशी और कृषि यंत्र के कंपनियों द्वारा कुल 15 स्टॉल लगाया गया। मेले में वैज्ञानिकों द्वारा कृषि से संबंधित विस्तृत तकनीकि जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न किसानों द्वारा और कृषि यंत्र के कम्पनियों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी का उपायुक्त ने निरीक्षण कर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। वहीं नवोदय विद्यालय के छात्रों का कृषि विज्ञान केंद्र चतरा में चल रहे 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया और कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। आत्मा चतरा द्वारा पूर्व में चयनित 25 किसानों को राज्य सहाय अनुदान के तहत अंतर्राज्य प्रशिक्षण हेतु आइआइभीआर वारानसी के लिए उपायुक्त चतरा अबु इमरान और उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रदर्शनी कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## डायन प्रथा जागरूकता रथ को किया रवाना



चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अबु इमरान ने दो डायन प्रथा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों, विभिन्न प्रखंडों के हाट बाजारों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर रोस्टर अनुसार घूम-घूम कर आम जनों को जागरूक करने का कार्य करेगी। ताकि सामाज में व्याप्त कुप्रथा के प्रति लोगों में जागरूकता लाया जा सके। ज्ञात हो कि डायन प्रथा के नाम पर महिला पर अत्याचार को रोकने हेतु निम्नलिखित कानूनी पहल सरकार द्वारा की गयी। धारा-3 के तहत डायन की पहचान करने वाले व्यक्ति को 03 माह का कारावास अथवा 1000 (एक हजार) का जुर्माना अथवा दोनो। धारा-4 के तहत प्रताड़ित करने का हर्जाना 06 (छः) माह तक का कारावास अथवा 2000 (दो हजार) का जुमार्ना अथवा दोनों। धारा-5 के तहत डायन का पहचान के दुष्प्रेरण 03 माह का कारावास अथवा 1000 (एक हजार) का जुमार्ना अथवा दोनो सजा दण्डित किया जा सकता है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी समेत जिले अन्य विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## आजसू ने किया युगेश बेदिया को छावनी परिषद का प्रभारी नियुक्त

### जिम्मेवारियों को ईमानदारी और निष्ठा के निभाऊंगा : युगेश बेदिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कमेटी द्वारा छावनी परिषद के यूगेश बेदिया और सरस्वती देवी को प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही रीना साह को केंद्रिय सदस्य बनाया गया है। जिसके बाद पार्टी जिला कार्यालय स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल और संचालन ओबीसी मोर्चा के सचिव रोहित सोनी ने किया। मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर योगेश बेदिया ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी मुझे छावनी परिषद प्रभारी के रूप में सौंपा है। उसको मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूरा करूंगा।

**4 फरवरी की बैठक में बनेगी रणनीतिः** अगली बैठक 4 फरवरी दिन रविवार समय 11 बजे से रखी गयी है। बैठक में छावनी परिषद में रहने वाले सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बैठक में शामिल होने की अपील की गयी है।

**कौन कौन थे उपस्थित**

बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी जिला सचिव लालचंद महतो, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, पवन करमाली, बिभन सिंह, मीरा देवी, सिंधु मेहता, सोनी देवी, कुलदीप वर्मा, रविन्द्र सिंह बिट्टी, सुरेंद्र दांगी, राकेश साहू, दीपू गुप्ता, राजेन्द्र नायक, जेदू गंगू, सुजीत कुमार, लेखराज महतो, पंकज कुमार दांगी, कृष्णा साव मलिंगा, बिक्की ठाकुर, चंदन ठाकुर, मोहमद गुलजार, चंदन शर्मा, सतीष गुप्ता, रबिंद्र कुमार, बबलू मोदी, जितेंद्र मिश्रा, नंदू महतो, अजय पांडेय, रिंकू करमाली, गगन चौधरी, मौजूद हुये।

## चंपाई सोरेन को सीएम बनने पर दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** चंपाई सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री बनने पर महागठबंधन की ओर से सीपीआइएमएल के वामपंथी युवा नेता ऑल झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने बधाई दी है। साथ ही राज्यपाल के प्रति भी आभार जताया है। उन्होंने कहा की चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने से झारखंड में तेजी से विकास होगा। कुमार ने आरजेडी कोटा से सत्यानंद भोक्ता और कांग्रेस की ओर से आलमगीर आलम के मंत्री पद की शपथ लेने के लिए भी दोनों को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा की यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। बधाई देने वाले में डॉ आशीष कुमार, राहुल सिंह, सुमित कुमार, सोमरा मुंडा, मधु बाउरी, बलराम कुमार, मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक आदि शामिल हैं।

## वृंदावन पोलीडॉक अस्पताल में हृदय रोगियों के इलाज के लिए ओपीडी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रांची रोड स्थित वृंदावन पोलीडॉक अस्पताल में अब हृदय संबंधी रोग के इलाज के लिए ओपीडी आरंभ कर दिया गया है। जहां मेडिका अस्पताल के जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ ) डॉ धनंजय और डॉ दीपक हृदय रोग से संबंधित मरीजों का इलाज करेंगे। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ धनंजय और डॉ दीपक ने बताया कि वृंदावन पोलीडॉक अस्पताल में हृदय रोगियों की जांच के लिए ओपीडी आरंभ होने के बाद अब मरीजों को रांची या अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अनियमित खान-पान की वजह से इनदिनों हृदय रोगियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लोगों से अपील करते हुए कहा कि हृदय संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए अनियमित खान-पान ऑयली व मशालेदार भोजन, जंक फूड व धूम्रपान से बचें। वहीं, उन्होंने कहा कि चेस्ट में किसी तरह का दर्द होने पर लोग तुरंत जांच करायें। साथ ही उन्होंने डायबिटीज रोगियों से नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच कराने को कहा। प्रेसवार्ता में जनरल फिजिशियन डॉ राजेश कश्यप, डॉ समर कुमार आदि उपस्थित थे।

## ग्लोबल फेम अवार्ड से सम्मानित हुई वर्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** कोलकाता के होटल ताज में गुरुवार को हेलो किड्स रॉबिन हुड प्री स्कूल ने ग्लोबल फेम अवार्ड 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर के हेलो किड्स रॉबिन हुड प्री स्कूल के प्रतिनिधि सहित कई फिल्में सितारे और उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम में गौरवपूर्ण और ग्लैमरस मामले में यह मान्यता युवा दिमागों के लिए एक शीर्ष शैक्षणिक अनुभव प्रदान करने की पूर्व स्कूली प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। कार्यक्रम में बॉलीवुड की मलाइका अरोड़ा, प्लेबैक सिंगर उषा उत्थप, अभिनेत्री रिया सेन सहित के शख्सियत शामिल हुए। कार्यक्रम में रामगढ़ के हेलो किड्स रॉबिन हुड प्री स्कूल की वर्षा अग्रवाल को पूर्वी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण कौशल और बुनियादी ढांचे के लिए रैंक वन बेस्ट प्री स्कूल का प्रतिष्ठित पुरस्कार से मलाइका अरोड़ा ने सम्मानित किया। सम्मान पाने के उपरांत उन्होंने कहा कि यह सम्मान रामगढ़ के लिए गौरव का क्षण है।

## सीसीएल ने अवैध विद्युत कनेक्शनधारियों का काटा कनेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** अवैध विद्युत चोरी रोकथाम को लेकर तोपा चौक में सीसीएल सुरक्षा व विद्युत विभाग ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान तोपा में अवैध कनेक्शन कर बिजली चोरी कर रहे लोगों को कनेक्शन काटते हुए तारो को जब्त किया। वही, दूसरी बार अवैध कनेक्शन करने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान में सुरक्षा विभाग व विद्युत विभाग के कई शामिल रहे।

## संयुक्त वन प्रबंधन हेहल का हुआ पुनर्गठन



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। हेहल के अखरा टोला के हनुमान मंदिर परिसर में संयुक्त वन प्रबंधन समिति का पुनर्गठन के लिए आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा की अध्यक्षता वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा और संचालन रवींद्र मुंडा ने किया। आमसभा में मुख्य रूप से प्रभारी वनपाल संतोष कुमार शर्मा उपस्थित रहे। आमसभा के दौरान हेहल के दर्जनों महिलायें और पुरुषों ने हिस्सा लिया। आमसभा के दौरान संयुक्त वन प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। आमसभा के निर्णय अनुसार अध्यक्ष बने राजेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष संगीता देवी, सह सचिव सुषमा कुमारी, सदस्य मुन्नी देवी, बिंदा देवी, रामकुमारी, किरण बिरहोर, देवंती देवी, सुल्तान अहमद, अखिलेश बेदिया, जयनारायण सिंह, उचेश्वर सिंह, मोबारक हुसैन, महेश मुंडा, सज्जाद अंसारी, तिरसा बेदिया, लीला देवी, शमीम अंसारी, वही पदेन सदस्य सचिव प्रभारी, संतोष कुमार शर्मा, उपसचिव संतोष कुमार शर्मा, सदस्य प्रदीप शर्मा, अमृत साव, गिरधारी शर्मा, रवींद्र मुंडा और जग्गू मुंडा बनाये गये।

## अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ ने मनाया सांतवा वर्षगांठ

हंटरगंज/ चतरा। अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ चतरा जिला इकाई की ओर से कोबना पंचायत के बहेरी गांव में शुक्रवार को सातवां वर्षगांठ समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ कृष्ण कुमार सिंह और संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अशर्फी सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित डॉ राम रतन सिंह, रामस्वरूप सिंह, प्रमोद सिंह, शैलेश सिंह, मुरारी सिंह, लक्ष्मी देवी, शंकर सिंह, रामाश्रय प्रसाद सिंह, केदार सिंह, कामता सिंह, भीम नारायण सिंह, उपस्थित थे।


**भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान**
**कटक-753006 (ओडिशा), भारत**
**ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE**
**Cuttack-753006, Odisha. India**

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No.44/GA/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "**चावल एकरूपता में आनुवंशिक लाभों में तेजी लाना**" (**ईएपी326**) परियोजना के लिए एक (**01**) **ग्रेजुएट असिस्टेंट के चयन के लिए** प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **14.02.2024** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि तथा अन्य शर्तो के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https//icar-nrri.in** पर उपलब्ध है।

Walk-in-Interview will be held on **14.02.2024** for selection of one **(01)Graduate Assistant(GA)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Accelerating genetic gains in rice alliance" (EAP-326)**. The details regarding essential/desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI webiste **https://icar-nrri.in**.

प्रधान अन्वेषक/ **PRINCIPAL INVESTIGATOR**

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ETCECONIVBBS2024004, दिनांक : 24.01.2024

**कार्य का नाम :** JT-25 रोड ओवर ब्रिज (ROB) कार्य और तालचेर संबलपुर दोहरीकरण के संबंध में संबलपुर में JT-25 और JT-64b (फाटक) पर फुट ओवर ब्रिज (FOB) का निर्माण।

**कार्य की अनुमानित लागत (₹):** 743.16 लाख, EMD (₹): 5,21,600/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 08 (आठ) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक : 26.02.2024 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने के साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-115/CG/23-24

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–67–23–24; कार्य का नाम: रमना–सिंगरौली दोहरीकरण के अन्तर्गत रेनुकुट (आरएनक्यू किमी 99.54) से जोगीडीह (जेजेएफ किमी 110.115) (10.575 किमी) जोगीडीह (110.115) से गुरमुरा (जीएमएक्स किमी 119.098) (9.983 किमी) और गुरमुरा (जीएसएक्स किमी 119.098) से सलाईबनवा (एसएलबीएन किमी 132.240) (13.142 किमी) खंड सहित यार्ड (कुल लंबाई 32.70 किमी) के बीच नए दोहरीकरण ट्रैक के रखरखाव के संबंध में विविध पी वे कार्य और अन्य संबंधित कार्य सहित ट्रैक का रखरखाव। अंकलित मूल्य (रु.): ₹3,23,58,241.77; निविदा प्रपत्र का लागत (रु.): ₹0.00/–, अग्रधन राशि (रु.): ₹3,11,800/–; कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 (बारह) माह; निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 22.02.2024 को 15:30 बजे अपराह्न। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कोरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य: निविदि सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुदिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलबध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/02218/सीओएनएस/अभि./टी/23–24/52

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
**(Jharkhand Govt. Undertaking)**
**Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712**
**(CIN: U45200JH2002SGC012154)**

**Retender**
**e-Procurement Notice No. 24 / 2023-24**

**Letter No.- CE/3561/155** **Date: 02.02.2024**

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR 01/ NIT24/ 2023-24 | Repair Work of Ghaghidih Jail A- Type Kakshapal Qtr. (Block C) and B Type Qtr. (Block A) in the district of East Singhbhum | 11621447.00 | 10000.00 | 233000.00 | 150 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 2 | JPHCL/ GR 02/ NIT24/ 2023-24 | Construction of 50 Bedded Mahila Barrack (Block 1) at Deoghar Police Line in the district of Deoghar | 12909116.00 | 10000.00 | 259000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 06.02.2024 at 11:00 AM to 16.02.2024 up to 4:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 4:00 PM on 16.02.2024. Bids received online will be opened at 4:00 PM on 17.02.2024.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**

# आत्मविश्वास भरा बजट

लोकसभा चुनाव करीब हैं। इसलिए माना जा रहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में लोकलुभावन घोषणाएं होंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे संकेत मिलता है कि भाजपा को 2024 लोकसभा चुनाव जीतने का भरोसा है। इसके साथ अंतरिम बजट में कई ऐसे एलान हुए, जिनसे भारत की ग्रोथ स्टोरी के जारी रहने का संकेत मिलता है। सरकार को वित्त वर्ष 2024 में ग्रोथ 7.3 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 7 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2024 की ग्रोथ में सरकारी खर्च की बड़ी भूमिका रही है। यह सिलसिला अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहे, इसलिए कैपिटल एक्सपेंडिचर को 11 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ सरकार ने उधारी घटाने का भी एलान किया। इससे सरकारी बॉन्ड यील्ड में कमी आयेगी, जिससे प्राइवेट सेक्टर को कम दरों पर जरूरत के मुताबिक कर्ज मिल सकेगा। बजट भाषण के खत्म होने के बाद यील्ड में आयी कमी से इसके संकेत भी मिले। इससे प्राइवेट सेक्टर की ओर से निवेश बढ़ेगा, जिससे खपत में इजाफा होगा और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने एक बड़ा सरप्राइज राजकोषीय घाटे को लेकर दिया। उन्होंने दावा किया कि वित्त वर्ष 2025 में यह घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहेगा, जिसके वित्त वर्ष 2024 में 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह तो कहा जा रहा था कि इसमें सरकार कमी करेगी, लेकिन कमी इस हद तक होगी, इसकी उम्मीद नहीं थी। इससे विदेशी निवेशक और शेयर बाजार दोनों ही खुश हैं।

**वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट भाषण में टैक्स के मद में अच्छी बढ़ोतरी के लिए टैक्सपेयर्स को शुक्रिया भी कहा, जिससे यह आस लगाई जा रही है कि जुलाई के पूर्ण बजट में पर्सनल इनकम टैक्स में कुछ राहत मिल सकती है।**

डायरेक्ट, इनडायरेक्ट और इंपोर्ट ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया गया। पिछले 10 वर्षों में डायरेक्ट टैक्स तीन गुना बढ़ा है। जीएसटी कलेक्शन भी अच्छा रहा है। लिहाजा टैक्स-जीडीपी रेश्यो बेहतर हुआ है। वित्त वर्ष 2025 में केंद्र ने 30 लाख करोड़ की आमदनी का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2024 से 11.9 प्रतिशत अधिक है। यह कंजरवेटिव अनुमान है। आर्थिक जानकारों का कहना है कि सरकार की आमदनी इससे कहीं ज्यादा रह सकती है। इससे सरकारी खजाने की हालत बेहतर होगी। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट भाषण में टैक्स के मद में अच्छी बढ़ोतरी के लिए टैक्सपेयर्स को शुक्रिया भी कहा, जिससे यह आस लगायी जा रही है कि जुलाई के पूर्ण बजट में पर्सनल इनकम टैक्स में कुछ राहत मिल सकती है। 25,000 रुपये तक की टैक्स डिमांड को लेकर टैक्सपेयर्स और सरकार के बीच जो मुकदमे चल रहे हैं, उन्हें भी वापस लेने की घोषणा हुई, जो अच्छी खबर है। मध्यवर्ग को टैक्स के मद में भले ही राहत नहीं मिली, लेकिन सरकार ने उसके लिए एक नई हाउसिंग स्कीम शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, पीएम आवास योजना के तहत 2 करोड़ घर बनाये जायेंगे। इनसे सीमेंट, स्टील, पेंट, टाइल्स-सेरेमिक इंडस्ट्री की ग्रोथ बढ़ेगी और ग्रामीण इलाकों में रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। 1 करोड़ घरों को रूफटॉप सोलर प्रोग्राम के जरिये मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव भी सराहनीय है। रेलवे के क्षेत्र में नये प्रस्ताव किये गये हैं और रक्षा क्षेत्र के लिए एलोकेशन में वाजिब बढ़ोतरी हुई है। वहीं, पीएलआइ स्कीम के एलोकेशन में 33.5 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव के साथ कई क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता घटाने की पहल भी जारी रखी गयी है। साथ ही, सरकार ने आयुष्मान भारत का दायरा बढ़ाया है, जिससे कम आय वर्ग को फायदा होगा। 9-14 साल की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगायी जायेगी, जो हेल्थकेयर के क्षेत्र में बेहतर पहल है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय चुनाव विज्ञान में, मुस्लिम वोट का विचार आम तौर पर दिलचस्पी पैदा करता है, खास कर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदर्भ में। ऐसा कई कारणों से है। पहला, मुसलमानों के साथ भाजपा का रिश्ता ऐतिहासिक रूप से विवादास्पद रहा है। दूसरा, मुसलमान शायद एकमात्र सामाजिक समूह है, जो अब तक भाजपा की राजनीतिक पहुंच से परे रहा है। इसके अलावा, विपक्ष की मुस्लिम राजनीति भाजपा का डर पैदा करने पर आधारित है। हालांकि, 2024 के चुनाव के बारे में अलग होने की संभावना बन रही है।**

# 2024 में मुसलमानों को भाजपा की ओर फिर से देखना होगा

**तारिक मंसूर**

2024 के आम चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भारतीय चुनाव विज्ञान में, मुस्लिम वोट का विचार आम तौर पर दिलचस्पी पैदा करता है, खास कर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदर्भ में। ऐसा कई कारणों से है। पहला, मुसलमानों के साथ भाजपा का रिश्ता ऐतिहासिक रूप से विवादास्पद रहा है। दूसरा, मुसलमान शायद एकमात्र सामाजिक समूह है जो अब तक भाजपा की राजनीतिक पहुंच से परे रहा है।

इसके अलावा, विपक्ष की मुस्लिम राजनीति भाजपा का डर पैदा करने पर आधारित है। हालांकि, 2024 के चुनाव के बारे में अलग होने की संभावना बन रही है। मैं उन 6 कारकों का विश्लेषण करता हूं जो भाजपा और पीएम मोदी के साथ मुसलमानों के संबंधों में निर्णायक मोड़ लाने की क्षमता रखते हैं।

एक, भाजपा और मोदी मुस्लिम समुदाय के भीतर विसंगतियों को दूर करने के लिए बार-बार सामाजिक न्याय के मुद्दों का जिक्र करते रहे हैं। पसमांदा - एक सामाजिक उप-समूह जो सबसे पिछड़े मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारतीय मुस्लिम आबादी का लगभग 80 प्रतिशत है, इस रणनीति का मूल है। पसमांदाओं को शामिल करने की पार्टी की इच्छा मुस्लिम राजनीति में कुलीन वर्ग के वर्चस्व को खत्म करने का वादा करती है। मुस्लिम राजनीति में व्यापक लोकतंत्रीकरण और समावेशिता का आह्वान करके, भाजपा प्रमुख पसमांदा मांग को संबोधित करना चाहती है-मुसलमानों को एक अखंड के रूप में नहीं देखना। यह न केवल मुसलमानों को अपने साथ लाने का भाजपा का पहला आधिकारिक प्रयास है, बल्कि यह पहली बार है कि पसमांदा राजनीतिक सुर्खियों में हैं।

**2024 मुसलमानों के लिए विपक्ष की राजनीति की नकारात्मकता से आगे बढ़ने और प्रगति तथा राष्ट्रीय हित का व्यावहारिक रास्ता चुनने का अवसर दर्शाता है।**

दूसरा, मोदी सरकार ने कुछ सामुदायिक व्यक्तिगत कानूनों में लैंगिक न्याय के मुद्दों को भी प्राथमिकता दी है। तत्काल 3 तलाक की पुरातन प्रथा को खत्म करने, जो संयोग से इस्लामी देशों में भी प्रचलित नहीं है, को 9 करोड़ मुस्लिम महिलाओं के बीच जबरदस्त समर्थन मिला है।



**मोदी ने इन चुनौतियों से निपटने में साहस और राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया है। इसके विपरीत, विपक्षी खेमा, बिना कप्तान के जहाज के रूप में, इस महत्वपूर्ण मोड़ पर कोई विकल्प नहीं देता है। 1990 के दशक में अल्पकालिक गठबंधन सरकारों के साथ भारत के प्रयोगों को भारी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और रणनीतिक लागत का सामना करना पड़ा।**

तीसरा, पीएम मोदी ने मानव आवश्यकताओं जैसे भोजन, आवास, स्वच्छता, गैस, पानी, स्वास्थ्य इत्यादि के व्यापक स्पैक्ट्रम को कवर करते हुए कल्याणवाद को एक राजनीतिक कर्तव्य के रूप में फिर से पारिभाषित करने की मांग की है। गरीब कल्याण अन्न योजना ने अस्तित्व के संकट के दौरान 810 मिलियन भारतीयों को खाना खिलाया है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से हाशिए पर पड़े पसमांदाओं के भीतर लाभार्थियों की एक विशिष्ट श्रेणी बनायी है। कुछ मामलों में, मुस्लिम मजदूरों को उनकी आबादी से अधिक अनुपात में लाभ हुआ है। उदाहरण के लिए, जबकि उत्तर प्रदेश में 19 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, पी.एम. आवास योजना, उज्ज्वला योजना और मुद्रा योजना के तहत लाभार्थी 24-30 प्रतिशत तक हैं। इससे मुसलमानों के बीच प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास और अंत्योदय (भेदभाव के बिना विकास) के वायदे को बल मिला है।

पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत सामाजिक रूप से वंचित समूह के नेतृत्व वाले उद्यमों और कारीगरों जैसे दर्जी, नाई, बुनकर आदि के लिए एक प्रोत्साहन है। योजना के तहत सूचीबद्ध 18 शिल्प बड़ी संख्या में पिछड़ी जाति के मुसलमानों की व्यावसायिक प्रोफाइल को दशार्ते हैं। चौथा, इस्लामिक दुनिया के साथ भारत के रिश्ते यकीनन अपने सबसे अच्छे दौर से गुजर रहे हैं। मोदी ने संबंधों को सार्थकता प्रदान करने के लिए विदेश नीति पर अपनी व्यक्तिगत छाप का इस्तेमाल किया है।

संबंधों का परिवर्तन - सरल व्यापार भागीदार से रणनीतिक भागीदार तक बढ़ते अभिसरण को दर्शाता है। प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे में भारत की केंद्रीय भूमिका इस नयी सांझेदारी की अभिव्यक्ति है। संबंधों को मजबूत करने के पीएम मोदी के प्रयासों की मान्यता में, कई इस्लामी देशों जैसे संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, बहरीन, फिलिस्तीन, अफगानिस्तान, मालदीव और मिस्त्र ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया है। ये लाभ संभव नहीं होता अगर मुस्लिम दुनिया को लगता कि भारतीय मुसलमानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

पांचवां, 2014 के बाद से कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है। 1970 के दशक से दर्ज दंगा मामलों के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत 50 वर्षों में सबसे शांतिपूर्ण स्थिति में है, क्योंकि दंगों में कमी आयी है। एक न्यूज चैनल को दिये एक हालिया साक्षात्कार में, मोदी ने भारत में रहने वाले धार्मिक सूक्ष्म अल्पसंख्यक पारसियों की सफलता का जिक्र किया और कहा कि भारतीय समाज किसी भी धार्मिक अल्पसंख्यक के खिलाफ भेदभाव नहीं करता है।

अंत में, और सबसे महत्वपूर्ण, राष्ट्रीय हित और सुरक्षा का मुद्दा है। मुस्लिम समुदाय को इस बात से अनभिज्ञ नहीं रहना चाहिए कि कई वैश्विक संघर्षों जैसे कि यूक्रेन और रूस, इसराईल और फिलिस्तीन के बीच, आतंकवाद और भारत, वियतनाम, फिलीपींस आदि सहित अपने पड़ोसियों के प्रति चीन के विस्तारवादी रवैये को देखते हुए भारत को एक मजबूत और स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

मोदी ने इन चुनौतियों से निपटने में साहस और राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया है। इसके विपरीत, विपक्षी खेमा, बिना कप्तान के जहाज के रूप में, इस महत्वपूर्ण मोड़ पर कोई विकल्प नहीं देता है। 1990 के दशक में अल्पकालिक गठबंधन सरकारों के साथ भारत के प्रयोगों को भारी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और रणनीतिक लागत का सामना करना पड़ा। ये मुद्दे दिखाते हैं कि मुसलमानों को 2024 के चुनावों में मोदी और भाजपा को चुनने पर विचार क्यों करना चाहिए। वे जानते हैं कि भाजपा ने पिछले 2 आम चुनाव बिना किसी महत्वपूर्ण मुस्लिम वोट के जीते हैं। 2023 के यूपी शहरी स्थानीय निकाय चुनाव और यूपी में मुस्लिम बहुल रामपुर लोकसभा और सुअर विधानसभा तथा त्रिपुरा के बॉक्सानगर में उप-चुनाव इन व्यस्तताओं से भाजपा के लिए एक आशाजनक रुझान दिखाते हैं। 2024 मुसलमानों के लिए विपक्ष की राजनीति की नकारात्मकता से आगे बढ़ने और प्रगति तथा राष्ट्रीय हित का व्यावहारिक रास्ता चुनने का अवसर दर्शाता है। इसके लिए मोदी उनकी सबसे अच्छी पसंद हैं।

**(लेखक, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# दो अपराधियों ने युवक को मारी गोली





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के मानगो थाना अंतर्गत बैकुंठ नगर के रहने वाले 28 वर्षीय राजा सिंह को मोटरसाइकिल सवार दो अपराधियों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े गोली मार दी। मिली जानकारी के अनुसार राजा सिंह साकची से अपने घर की ओर बाइक से लौट रहा था। इसी बीच अपराधियों ने पीछा करते हुए गोली मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। उधर घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गयी। स्थानीय लोगो की सहयोग से आनन फानन में राजा सिंह को एमजीएम अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने टीएमएच रेफर कर दिया। टीएमएच इलाज के दौरान जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी मुकेश कुमार लूणायत, थाना प्रभारी विनय सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंची। सिटी एसपी ने बताया कि मानगो पोस्ट 5 रोड में गोली चलने की सूचना प्राप्त ,जिसका सत्तापन किये जाने पर जानकारी मिली बैकुंठ नगर के रहने वाले राजा कुमार नामक युवक को गोली मारी गई। घायल युवक को टीएमएच भेजा गया। कारण का अभी जानकारी नही है। राजा कुमारी हाल ही में जेल से बाहार निकला था। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर अपराधियों को गिरफ्तार करने में जुट गई है। वही राजा के परिवार वालो ने मौके पर पहुंच कर हमलावारों का नाम लेते हुए रोते बिलखने नजर आये।

# मनिंदर चौधरी को सामाजिक संस्था ने दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व ओडिशा राज्य के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास के निजी आप्त सचिव रहे शहर के वरिष्ठ पत्रकार स्व. मनिंदर चौधरी के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सामाजिक संस्था लोक समर्पण के द्वारा एग्रिको मैदान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहर के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य एवं सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने उनके चित्र पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। वही मौन धारण कर प्रभु से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की। लोक समर्पण के अध्यक्ष ललित दास ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने स्व. चौधरी के कार्यों और जनसेवा की सराहना की। उनके निधन को अपनी निजी क्षति और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा स्व. मनिंदर चौधरी एक कर्मठ, ईमानदार और सिद्धांतों के पक्के व्यक्ति थे।

# पत्रकारों ने चंपई सोरेन को दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के विधायक सह मंत्री चम्पई सोरेन झारखंड के 12 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के बाद बधाई मिलने का सिलसिला शुरू हो गया। सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के समर्थकों में उत्साह का माहौल है। वैसे मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सरायकेला से पांच बार विधायक चुने गये हैं। तीन बार मंत्री रहने के बाद एक नाटकीय घटनाक्रम और राज्य के बदले सियासी समीकरण ने उन्हें सत्ता के शिखर पर काबिज कर दिया। उन्हें आज भी सभी राजनेताओं से अलग पंक्ति में खड़ा रखता है। उनके अपने विधानसभा में पकड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकती हैं। सरायकेला विधानसभा क्षेत्र की जनता उन्हें प्रचंड मोदी लहर में भी बहुमत से जिताया। झारखंड अलग राज्य की आंदोलन से चंपाई सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को अपना आदर्श मानते हैं। चंपाई सोरेन को कोल्हान टाइगर के रूप में भी जाना जाता है। आज भी वे गरीबों से मिल कर उनकी समस्याओं का निराकरण करते हैं। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का पत्रकारों से आत्मीय रिश्ता रहा है। सरायकेला विधानसभा के सभी पत्रकारों के सुख- दुःख में वे शामिल होते रहे हैं। पत्रकारों के किसी भी कार्यक्रम में एक बुलावे पर वे पहुंच जाते थे। उनके साथ मंच साझा करते हैं। यदि कोई पत्रकार उनसे मिलना चाहता है तो इसके लिए उसे किसी की परमिशन की आवश्यकता नहीं होती। इससे ज्यादा शालीन नेता या मंत्री आज शायद ही मिलेंगे। मुख्यमंत्री बनने पर प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने उन्हें बधाइ दी। उन्होंने बताया कि मंत्री रहें या विधायक दादा की आत्मीयता पत्रकारों के प्रति बेहद ही भावुक रही है। जब कभी भी पत्रकारों के समक्ष कोई समस्या उत्पन्न हुई दादा ने चुटकी बजाते हल कर दिया। पत्रकारों के हर सुख- दुःख में खड़े रहे। आज वे मुख्यमंत्री बन गये हैं। यह हम लोगों का सौभाग्य है। उम्मीद है न केवल सरायकेला बल्कि राज्य के पत्रकारों का कल्याण होगा।



# पूर्व छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हमले की चंद्रगुप्त सिंह ने की निंदा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के कदमा स्थित एक सार्वजनिक सड़क को घेरने के मामले में विरोध करने पर बीते दिनों शहर के पूर्व छात्रसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और युवा समाजसेवी संजीव आचार्या पर हुए हमले का आजसू नेता चन्द्रगुप्त सिंह ने कड़ी शब्द में निदा की। शुक्रवार को सिदगोड़ा 28 नंबर कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने इसे एक सोची समझी राजनीतिक साजिश बताया। चन्द्रगुप्त सिंह ने कहा कि बीते दिनों संजीव आचार्या अपने परिवार और 4 साल के बच्चे साथ ससुराल जाने के दौरान कदमा स्थित निर्मल महतो गोलचक्कर के समीप मंत्री के गुर्गो के द्वारा धक्का-मुक्की,गाली गलौज करने तथा घेरकर मारने की नियत से हमला किया। इसकी शिकायत भी कदमा थाना में कई गई है, लेकिन अबतक जिला प्रशासन ने कोई कारवाई नही की। उन्होंने कहा कि उक्त घटना की सभ्य समाज,आजसू परिवार, राजपूत समाज, आम जन समुदाय घोर निंदा करती हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से घटनास्थल पर उपस्थित सीसीटीवी कैमरा की जांच कर उचित कारवाई की मांग की। उन्होंने कहा कदमा स्थित 100 साल पूराने केडी फ्लैट के सार्वजनिक सड़क को बंद करना दुःखद है। उसे जल्द से जल्द चालू करे जाय ताकि आम लोगों को परेशानी से निजात मिल सके। संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय सचिव पुलिस एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री वरिष्ट समाजसेवी चन्द्रगुप्त सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी जेपी ऐक्का, भूषण दुबे, मुन्ना भट्ट, ईश्वर दयाल तिवारी, रामेश्वर सिंह, जेपी सिंह, आलोक रंजन, विकास कुमार, भगवत मुखर्जी, सुधीर सिंह,राजा सिंह, रवि छतरी, कन्हैया पांडे, मुकेश कुमार,पिंटू राय, संतोष यादव, संजय सिंह, जयप्रकाश सिंह, संदीप शर्मा, दशरथ सिंह, छोटू सिंह, अभिषेक शर्मा, प्रतीक जैन, संदीप सिंह, कार्तिक मुंडा,धर्मेंद्र सिंह,राकेश सिंह,मिथिलेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



# हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी के सदमे से विधायक प्रतिनिधि सुनील की मौत

**मंत्री मिथिलेश ने जताया शोक**

आजाद सिपाही संवाददाता



पुष्पांजलि अर्पित करते झामुमो नेता

**गढ़वा।** प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के सदमे से आदिवासी महासभा के केंद्रीय महासचिव, झामुमो के वरिष्ठ नेता सुनील किस्पोट्टा की मौत हो गयी। वे गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याण विभाग के विधायक प्रतिनिधि थे। उनके निधन पर मंत्री श्री ठाकुर ने गहरी संवेदना व्यक्ति की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को दूरभाष पर पार्टी सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने का निर्देश दिया है।

मंत्री ने कहा कि सुनील किस्पोट्टा के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। दुःख की इस घड़ी में पूरा झामुमो परिवार पीड़ित परिजनों के साथ खड़ा है। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। इनकी शहादत बेकार नहीं जायेगी। घटना की सूचना मिलने के बाद पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गढ़वा के अशोक विहार स्थित उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दिया। दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। श्री दुबे ने कहा कि सर्वमान्य नेता हेमंत सोरेन से सुनील किस्पोट्टा का व्यक्तिगत परिचय और संबंध था। उनकी गिरफ़्तारी का सदमा वे बर्दाश्त नहीं कर पाये। गिरफ्तारी की खबर सुनने के बाद से ही वे काफी असहज हो गये थे। अंततः गुरुवार की रात्रि उनका हार्ट अटैक हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव भंडरिया में किया जायेगा। शोक व्यक्त करने वालों में झामुमो में जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, अशफी राम, राजेश गुप्ता, केंद्रीय सदस्य शंभु राम, दशरथ प्रसाद, दिलीप गुप्ता, धनंजय, अहमद अंसारी आदि का नाम शामिल है।

# नीति आयोग ने गढ़वा में चलाये जा रहे जल निकायों के जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नीति आयोग द्वारा गढ़वा ज़िला में चलायें जा रहे जल निकायों के जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने दिल्ली से डायरेक्टर जेनरल नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया-सह-पूर्व वढरउ चेयरमैन दीपक गुप्ता, सीएएफ-इंडिया की सीइओ निवेदिता नारायण तथा एटीई-चंद्रा फाउंडेशन से अक्षय चौहान गढ़वा पहुंचे। गढ़वा आगमन पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। जिसके पश्चात सभी जल निकायों के जीर्णोद्धार कार्य को देखने गढ़वा प्रखंड के परिहारा पंचायत के बसारत बांध तथा महुलिया पंचायत के खूखनू बांध पहुंचे, इस दौरान उपायुक्त, ज़िला कृषि पदाधिकारी, ज़िला योजना पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा और पीपीआइए - फेलो मौजूद थे। परिहारा पंचायत तथा महुलिया पंचायत में कार्य देखने आये टीम का स्वागत मुखिया, पानी पंचायत के सदस्य तथा स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया गया। बसारत बांध के जीर्णोद्धार कार्य से लाभान्वित हो रहे लोगो ने कार्य की प्रशंसा की साथ ही बताया कि इस कार्य से निकासी हो रहे गाद को वो सभी अपने अपने खेतों में इस्तेमाल कर रहे है। जिससे उनके फसल के पैदावार में बढ़ौतरी हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्षा से पहेले जब यह कार्य किया गया था उसका असर अब तक वहां मौजूद है, जिस पर सब मिल कर मत्स्यपालन का कार्य भी कर रहे है। महुलिया पंचायत के खूखनू बांध का कार्य के बारे में भी लोगो ने बहुत प्रशंसा की। लाभान्वित हो रहे लोगों ने भी बताया कि यह मिट्टी (गाद) फसलो के लिए बहुत उपयोगी है। लोगों द्वारा और भी जल निकायो की मांग की जा रही है। लाभान्वित हो रहे लोगों की प्रतिक्रिया को देखते हुए दीपक गुप्ता द्वारा उपायुक्त और उनकी टीम की तारीफ की गयी तथा कहा गया कि ज़िला में इस जीर्णोद्धार कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाये, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके। साथ ही ऐसे जल निकायों का चयन किया जाये जहां लोगों को फायदा पहुंच सके।

# शहीद जगदेव प्रसाद और कर्पूरी ठाकुर के बताये गये पदचिह्नों पर चलने की जरूरत : राजन मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** बसपा प्रदेश अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नेता राजन मेहता ने शुक्रवार को शहीद जगदेव प्रसाद की 102वीं जन्म जयंती के अवसर पर हजारों की संख्या में अपने कार्यकर्ताओं के साथ जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात कांडी बाजार स्थित कर्पूरी चौक पर जननायक कर्पूरी ठाकुर को माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही शोणभद्र इंटर महाविद्यालय स्थित बौद्ध मंदिर परिसर में भगवान बुद्ध और डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं एक सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता परिखा बौद्ध ने की। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजन मेहता ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद और जननायक कर्पूरी ठाकुर द्वारा बताये गये पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। तभी दबे कुचले गरीब लोगों को अपना अधिकार और सामाजिक न्याय मिल सकेगा। सभा में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने बारी-बारी से उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आने वाला विधानसभा का चुनाव में बसपा प्रत्याशी राजन मेहता के साथ चलकर उनके हाथों को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन रामप्यारे गुरुजी ने किया। मौके पर गढ़वा जिलाध्यक्ष सुनील गौतम, विश्रामपुर विधानसभा प्रभारी अमेश राम, जिला पार्षद सुषमा कुमारी, राष्ट्रीय नाइ महासभा पलामू जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, कृष्णा दास, गिरीश पांडेय, संजय मेहता, मनोज चंचल, प्रिंस ठाकुर सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 35 किसानों ने कृषि प्रशिक्षण किया प्राप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग झारखंड सरकार कृषि अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (डेमोटांड़) हजारीबाग में 29 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित पांच दिवसीय समेकित कृषि प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें गढ़वा, रंका, मेराल और धुरकी प्रखंड के 10 पुरूष और 25 महिला कुल 35 किसान शामिल थे। यह प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षक डॉ जिनेश्वर राय, पूर्व राज्य निदेशक बी० जयराम, डॉ हिमांशु, बिशुन मुर्मू, संतोष जायसवाल, बीसी बर्मा, राजेश कुमार और पूर्व बीएओ स्वाधी चंद्र शाहा के द्वारा दिया गया। जिन्होंने कृषि के विभिन्न विषयों यथा मिट्टी जांच, जैविक खाद, अनाज, फल, सब्जी, मशाला, दलहन, तेलहन, वानिकी पौधारोपण, कृषि यंत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना, पशुपालन सहित झारखंड सरकार के द्वारा संचालित किसान योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। तत्पश्चात आत्मा के राज्य निदेशक सह प्रशिक्षण केंद्र के उपनिदेशक विकास कुमार के हाथों सभी किसानों को किसान कीट, बैग और कृषि प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके संबंध में विकास कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य खेती बाड़ी के नयी तकनीक को अपना कर उन्नत और समेकित कृषि के द्वारा अधिक आय बढ़ाकर समृद्ध किसान बनना है। इस अवसर पर किसान रविंद्रनाथ यादव, चितरंजन सिंह, दिलीप चौधरी, शिव राम, किरण हंसदा, सीता देवी, अनु कुमारी, पानपति कुमारी, बनवारी यादव, प्रसाद भुईया, हिमांशु, लालमुनि चौधरी, संगीता देवी, उर्मिला देवी राजवंती देवी, राजन यादव, बसंती देवी, फूल कुमारी देवी सहित पैतीस की संख्या में किसान उपस्थित थे।

# रंका में 203 मोतियाबिंद रोगियों का ऑपरेशन और सफल लेंस प्रत्यारोपण कुशलता पूर्वक किया गया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के सुकुलडीह स्थित गुरूपद नर्सिंग इंस्टीट्यूट महाविद्यालय रंकाराज में 203 मोतियाबिंद रोगियों का ऑपरेशन और सफल लेंस प्रत्यारोपण रांची रिम्स के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अनुज कुमार पाठक और उनकी टीम के द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व मंत्री सह वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने फीता काट कर किया। इस शिविर में 30 और 31 जनवरी को आंख जांच और 01 से 04 फरवरी तक ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण का कार्य किया जायेगा। शिविर में आने वाले रोगियों को गिरिनाथ सिंह के द्वारा निःशुल्क चश्मा, दवा, भोजन और रहने की व्यवस्था की गयी है। इस मौके पर गुरुपद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य रिशू प्रताप देव, मोरध्वज प्रसाद सिंह, डॉ गौरीशंकर प्रसाद, सुलपानी सिंह, विवेक चौधरी सुनिल माली, चिंटू सिंह, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, ललित राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एसएसजी की महिलाओं ने बीपीएम को विदाई दी



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरही क्लस्टर और डंडई क्लस्टर से जुड़ी स्वयं सहायता समूह के महिलाओं ने शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन कर बीपीएम को विदाई दी। विदाई समारोह में उपस्थित महिलाओं ने उनके एक लंबे कार्यकाल को भूरी-भूरी प्रशंसा की। महिलाओं ने बताया कि बीपीएम कुंदन भगत ने लगभग 6 साल के अपने कार्यकाल में हम सभी महिलाओं को काफी आगे बढ़ने का काम किए हैं। एक समय था हम महिलाएं कभी घर से बाहर नहीं निकला करते थे। लेकिन उनकी जागरूकता से हम सभी समुह में जुडकर अच्छी तरह से लेखा-जोखा कर लेते हैं। विदाई समारोह में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता, डिओ अजय कुमार, सीसी विकास कुमार, रीना एक्का, फूल कुमारी देवी, विनीता, रवीना खातून, दुलारी देवी, रानी, शांति देवी, माया देवी, ममता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दिवंगत सहायक अध्यापक प्रेमनाथ के आश्रित को सहायक अध्यापकों ने आर्थिक सहयोग किया

**कांडी प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने 74,032 रुपये का आर्थिक सहयोग किय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी** (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिगांवा के दिवंगत सहायक अध्यापक प्रेमनाथ राम के आश्रित को कांडी प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने शुक्रवार को 74, 032 रुपये का आर्थिक सहयोग किया। शुक्रवार को प्रेमनाथ राम के आवास पहुंचे सहायक अध्यापक संघ के कांडी प्रखंड अध्यक्ष राम रंजन, सतेंद्र मिश्रा, अभिषेक सिंह, राजेश दुबे, ब्रजेश पांडेय, अमरेंद्र पंडित, धर्मेंद्र राम, बीरेंद्र पासवान, रामाश्रय साह, संतोष पाल, उदय राम, संजय कुमार, सतेंद्र विश्वकर्मा, करंजु पाल, विपिन पांडेय, सतीश पांडेय, ललित सिंह, प्रदीप कुमार, नितेश सिन्हा, दीपक पांडेय, संतोष ठाकुर और प्रवीण सिंह सहित दो दर्जन सहायक अध्यापकों ने प्रेमनाथ राम के पुत्र सुभम कुमार, रोहित कुमार और उनके बड़े भाई अक्षयवर चंद्रवंशी को आर्थिक सहयोग की राशि प्रदान किया। विदित हो कि 22 जनवरी को प्रेमनाथ राम की मृत्यु हार्ट अटैक से हो गयी थी। घर के एक मात्र कमाऊ सदस्य के निधन से परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। दुर्भाग्य है कि विभाग और सरकार द्वारा सहायक अध्यापकों के असामयिक निधन के बाद भी उनके परिवार को लेकर संवेदनशील नहीं रहता है। वर्षों सेवा देने के बाद भी सरकार द्वारा सहायक अध्यापकों को कोई सहयोग नहीं किया जाता।

## मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा संपन्न कराने को लेकर बैठक

# आगामी परीक्षाओं को कदाचार मुक्त और स्वच्छ वातावरण में संपन्न करायें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड अधिविद्य परिषद् रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार और सभी केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने अगामी परीक्षाओं को लेकर विभाग द्वारा जारी सभी निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा के संचालन हेतु सभी केंद्राधीक्षक को निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि गढ़वा जिला में मैट्रिक के 47 और इंटरमीडिएट के 21 केंद्र बनाये गये हैं। उक्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल और शौचालय की उचित व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी का अधिष्ठापन, परीक्षा के दिन इन्विजिलेटर और सुरक्षा बलों की ससमय प्रतिनियुक्ति, समय पर परीक्षा प्रारंभ कराने समेत अन्य व्यवस्था सुनिश्चित कराने को लेकर निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षक से भी किसी भी प्रकार की समस्या हो तो साझा करने को कहा गया। कुछ विद्यालय द्वारा बताया गया कि उनके विद्यालय की चहारदीवारी नहीं है, जिस पर उपायुक्त ने वैकल्पिक व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। साथ हीं कुछ केंद्रों पर सीसीटीवी भी खराब होने की जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने सभी सीसीटीवी को रिपेयर कराते हुए उसे सक्रिय रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में भी विभिन्न परीक्षाओं का सफलता पूर्वक कदाचार मुक्त संचालन सभी केंद्र अधीक्षकों के द्वारा कराया गया है, जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। इसी प्रकार आगामी परीक्षाओं को भी गंभीरता से लेते हुए इसे कदाचार मुक्त और स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

# दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल वितरित किया



**मेराल (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना मेराल के द्वारा दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल और व्हीलचेयर का वितरण किया गया। इस दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत, प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो, अंचल अधिकारी यशवंत नायक मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिनके हाथों लाभुक अशोक भुइयां, मुख्तार अंसारी, नूर जहां बीबी ग्राम ओखरगाड़ा, पूनम कुमारी ग्राम कजराठ, हरफुद्दीन खान ग्राम सिहो के बीच दिव्यांग उपकरण का वितरण किया गया। दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम में, प्रमुख दीप माला कुमारी, उप प्रमुख निजामुद्दीन अंसारी, बीडीसी पंचायत समिति सदस्य दिनेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, कृष्ण प्रजापति, बीस सूत्री अध्यक्ष शंभू साह सहित बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिकाएं एकता नाथ और स्वास्तिक रानी उपस्थित थीं।

# अमर शहीद जगदेव प्रसाद कुशवाहा हमारे आदर्श : युगल पाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड के अरंगी में अमर शहीद जगदेव प्रसाद कुशवाहा की जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग ओबीसी और अधिकार मंच के संयोजक मंडल साथी युगलपाल, अजय वर्मा, अशर्फी चंद्रवंशी, विनोद कुमार, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, राज नारायण पटेल, वीरेंद्र शाह, विकास चंद्रवंशी, सुरेश चौधरी, जवाहर चौधरी, राम संदेश मेहता ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

इस अवसर पर जगदेव प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युगल पाल ने कहा कि इनके विचारों को जिंदा रखने के लिए पिछड़े वर्गों को गोलबंद होना होगा।

अजय वर्मा ने कहा कि पिछड़े वर्ग के युवाओं को अपने पुरखों के इतिहास से प्रेरणा लेकर समाज के हक हिस्से की लड़ाई के लिए लड़ना होगा। पलामू प्रमंडल के कोने कोने में इस आवाज को पहुंचकार 11 फरवरी को शिवाजी मैदान डाल्टनगंज में अपनी ताकत दिखायें। जिससे केंद्र और राज्य सरकार जातीय जनगणना करने पर मजबूर हो जाये और हमारा हक नही मारी जा सके।

# हिंडाल्को बॉक्साइट रेलवे साइडिंग के ऑफिस में अपराधियों ने लगायी आग

**तीन कंप्यूटर सेट के साथ कागजात जलकर हुआ खाक, नाइट गार्ड के साथ की मार पीट**

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेराल।** हिंडाल्को के बॉक्साइट रेलवे साइडिंग के ऑफिस में गुरुवार की मध्य रात्रि में अज्ञात अपराधियों ने आग लगा दी, जिससे तीन कंप्यूटर सेट तथा ऑफिस में रखे कागजात जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी नाइट गार्ड द्वारिका यादव द्वारा कंपनी के अधिकारियों के साथ-साथ मेराल थाना में दी गयी, बाद में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन भी दिया गया। जानकारी मिलने के बाद सीईडिंग इंचार्ज द्वारा घटना की जानकारी गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे को दी गयी। जानकारी मिलने के बाद एसपी अपने साथ एसडीपीओ अवध कुमार यादव, पुलिस निरीक्षक स्नेह लता कुजूर के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की। नाइट गार्ड द्वारिका यादव के अनुसार गुरुवार की रात्रि करीब 12 बजे दो मोटरसाइकल पर सवार कपड़ा से मुंह बांधे हुए छः अज्ञात व्यक्ति हिंडाल्को कार्यालय में पहुंच कर उसके साथ मारपीट करते हुए कार्यालय से बाहर निकाल कर कार्यालय में आग लगा दी। जिससे ऑफिस के तीन कंप्यूटर सेट के साथ सभी कागजात जल कर खाक हो गया। डीएसपी अवध कुमार यादव ने बताया कि अज्ञात लोगों ने हिंडालको के ऑफिस में पहुंच कर नाइट गार्ड के साथ मारपीट करने के बाद कार्यालय में आग लगा दी, जिसमें तीन कंप्यूटर सेट के साथ कागजात जला है। उन्होंने कहा कि घटना को देखने के बाद प्रतीत होता है कि स्थानीय अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। मौके पर थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, नीतीश कुमार के साथ पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ का पांचवां दिन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ के पांचवें दिन कथा वाचक शुखेण त्रिपाठी द्वारा प्रवचन कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। इस भक्ति कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं। सगमा यज्ञ समिति द्वारा कराये जा रहे श्री शिव शक्ति महायज्ञ के मौके पर प्रतिदिन शुभह 8 बजे से 1 बजे तक पूजा हवन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक प्रवचन और शाम 8 बजे से 1 बजे तक रासलीला कार्यक्रम की प्रस्तुति की जा रही है। यह महायज्ञ 29 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा और 7 फरवरी को भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। इस महायज्ञ में संगम तट नैनी इलाहाबाद से चलकर आये श्री राधे बोलो राधे जी महाराज और अन्य विद्वान इस महायज्ञ को सफल बनाने के लिए सगमा की धरती पर पधारे हुए हैं। इस महायज्ञ में बच्चों के मनोरंजन की भी भरपूर साधन है। जिसे श्रद्धालु भक्तों के साथ सब बच्चे भी यज्ञ परिसर में भरपूर आनंद ले रहे हैं।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
08

# मनरेगा दिवस पर पंचायत भवन में ग्रामसभा आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** मनरेगा दिवस के अवसर पर कैरो ग्राम पंचायत मुखिया वीरेंद्र महली की अध्यक्षता मे पंचायत भवन कैरो मे किया गया ग्राम सभा का आयोजन। इस अवसर पर ग्राम सभा में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा ने कहा कि मनरेगा से संचालित विभिन्न क्रियान्वित योजनाओं मे अधिक-से-अधिक मानव दिवस सृजित कर लोगो को अत्यधिक रोजगार मुहैया कराने की आवश्यकता है। जिससे की लोगों को रोजगार की तलाश मे भटकना न पड़ें। ग्राम सभा मे पेय जल ग्राम स्वच्छता समिति द्वारा संचालित कैरो ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना को दुरुस्त करने हेतू विभाग को ज्ञापन सौंपने की चर्चा ग्राम सभा मे की गयी। वहीं बाल-विवाह रोकथाम के लिए ग्राम सभा मे उपस्थित लोगो को शपथ भी दिलाई गयी। मौके पर प्रखंड स्वच्छता समंवयक खालिक अंसारी, पंचायत सचिव गुहा उरांव, रोजगार सेवक नंदा भगत के अलावे ग्राम सभा मे मेठ एवं काफी संख्या मे मनरेगा योजनाओं के लाभुक और आम लोग उपस्थित थे।

# रोजाना जंगलों से हो रही पेड़ों की अवैध कटाई, वन विभाग मौन

रूपेश अग्रवाल / डिम्पल राजा

**मनिका / लातेहार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिचलीदाग के जंगल में वनों की हो रही है अंधाधुंध कटाई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त जंगल मे वन कर्मियों का बहुत कम भ्रमण रहता है। इसी का फायदा उठाकर वन माफिया जंगल मे बेखौफ होकर पेड़ो की अंधाधुंध कटाई कर रहे है । बताया जा रहा है कि वनों की कटाई में वन क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों की भी मिलीभगत रहती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जंगल के पेड़ो को काटकर वन माफिया जहां मालामाल हो रहे है। वही वन भूमी पर कब्जा जमाने की नियत से ग्रामीण वनों की कटाई कर रहे है। कई ग्रामीण अपने घरो मे उपयोग हेतु वन क्षेत्र से बेशकीमती पेड़ो की कटाई कर रहे है। लोगों का मानना है की अगर इसी तरह से वन क्षेत्र से पेड़ो की कटाई होती रही तो जंगल का अस्तित्व खतरा हो सकता है। लोगों की बात माने तो वनकर्मियों की लापरवाही से वन क्षेत्र मे वन माफिया सक्रिय है।



बताते चले की लगातार वन विभाग मे पेड़ों कि कटाई से जंगल में हरे-भरे पौधों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। पेड़ों की कटाई के कारण वन परिक्षेत्र कम होता जा रहा है, कई साल पहले जंगल काफी हरे-भरे हुआ करते थे। लेकिन इसमें आज कमी आ चुकी है बावजूद इसके जंगल की कटाई पर वन विभाग रोक लगाने में असमर्थ दिखाई दे रहा है

बता दें कि मनिका थाना क्षेत्र बिचलीदाग के जंगलों मे सागवान के पेड़ बड़ी मात्रा मे पाये जाते हैं। सागवान की लकड़ी की फर्नीचर के लिए मांग के चलते लकड़ी माफिया कटाई की ताक में रहता है। स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो वन विभाग के संरक्षण में लकड़ी माफिया पनप रहा है। पिछले कई दिन से जंगल में पेड़ों की कटाई चल रही है।

**पौधारोपण के लिए हर साल लाखों रुपए किया जाता है खर्च:** हर साल पौधारोपण के लिए लाखों रुपए खर्च कर पौधे रोपे जाते है। लेकिन उनकी देखरेख और सुरक्षा को लेकर ध्यान नहीं दिया जाता है। इसके अलावा जंगलों में खड़े पेड़ों की देखरेख वन विभाग द्वारा की जा तो जंगल को काफी हद तक बचाया जा सकता है।

**कई हजार हेक्टेयर मे फैला हुआ है जंगल :** कई हजार हेक्टेयर में फैली इस रेंज में लकड़ी काटने वालों को वन विभाग की कार्रवाई का डर नहीं रहता है। ऐसे में जंगल में पेड़ों के ठूंठ ही दिखाई दे रहे है। लेकिन इसके बाद भी अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं देते हैं।

**क्या कहते है वन विभाग के रेंजर :** पेड़ों की लगातार कटाई के मामले में जब मनिका वन विभाग के रेंजर ठाकुर पासवान से पूछा गया तो उन्होने बताया की कई लोगो पर केस किया गया और. आगे कि कारवाई की जा रही है।

## मंत्री बनने पर सत्यानंद भोक्ता को दी बधाई



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्टीय जनता दल के इकलौता विधायक सत्यानंद भोक्ता के पुनः मंत्री बनने पर लोहरदगा राष्टीय जनता दल के नेताओ में हर्ष का माहौल है। राजद नेताओं ने मंत्री सत्यानन्द भोक्ता को बधाई दी है। नेताओ ने कहा कि आने वाले दिनों मे संगठन मजबूत होगी। बधाई देने वालो में जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, प्रधान महासचिव सहदेव लोहरा, कयूम अंसारी, कृष्णा तिर्की, दशरथ साहू, विजय बहादूर लोहरा, मंजूर अंसारी, सहीम अंसारी अत्यादि मौजूद थे।

## उठने लगी है विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में जगह दिलाने की मांग



**बरवाडीह/ महुआडांड (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल के नेतृत्व मे युथ कांग्रेस नेताओं ने मनिका विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मंत्रिमंडल में शामिल करने करने की मांग की है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आमिर सुहैल ने कहा कि आम जनता के हर दुःख दर्द को अपना दुःख समझकर उन्हे न्याय दिलाने के लिए लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह हमेशा प्रयासरत रहते हैं। सो समाज के हर वर्ग के दिलों में बसने वाले विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में जगह दिया जाये। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता के नेतृत्व मे कांग्रेस नेताओं ने मनिका विधान सभा क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ विधायक रामचंद्र सिंह को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के मंत्रिमंडल में शामिल करने करने की मांग की है। विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में जगह दिलाने की मांग प्रखंड के कई कांग्रेस नेताओं ने भी की है।

## दो पक्षों में मारपीट, दोनों ने दर्ज कराया केस

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो थाना परिसर से महज दो सौ मीटर की दूरी पर 31 जनवरी दिन बुधवार को दोपहर दो पक्ष में जमकर मार-पीट हुई। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो हुए थे। जिसमे अल्ताफ अंसारी पिता स्वर्गीय खलील अंसारी के द्वारा कैरो थाना में लिखित आवेदन देते हुए मारपीट में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिसमे मुजीप अंसारी, सजिब अंसारी पिता जुमन अंसारी, उतारण बीबी पति मोजीप अंसारी, आशिक अंसारी, आफताब आलम, ओसामा अंसारी, तनवीर अंसारी, आसिफ अंसारी पिता मोजीप अंसारी पर मामला दर्ज कराया गया है। कैरो थाना मामला दर्ज कर आगे की करवाई में जुट गयी है। वहीं द्वितीय पक्ष के द्वारा भी कैरो थाना में उतारण खातून के द्वारा लिखित आवेदन देते हुए नौसाद अंसारी, रिजवान अंसारी, इमरोज अंसारी, तबरेज अंसारी पिता सरफुल अंसारी, दानिस अंसारी पिता नौसाद अंसारी, सकील अंसारी, खालीक अंसारी, खालिद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, पिता स्वर्गीय जलील अंसारी पिता रज्जाक अंसारी, अकील अंसारी, जमील अंसारी पिता जलील अंसारी, सिकन्दर अंसारी बबलू अंसारी पिता स्वर्गीय सेराज अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कैरो थाना मामला दर्ज कर अग्रेतर करवाई में जुट गयी है।

# मनरेगा दिवस पर प्रखंड के मजदूरों ने कार्यालय में काम का किया मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**हेरहंज / लातेहार।** मनरेगा दिवस के अवसर पर हेरहंज प्रखण्ड क्षेत्र के सैकड़ों मजदूरों ने काम की मांग सहित कई मांगों के साथ पंचायत सचिवालय हेरहंज से प्रदर्शन व नारे लगाते हुवे प्रखण्ड कार्यालय पहुंचे। मजदूर मनरेगा के तहत 15 दिनों के अंदर काम की मांग सहित कई मांगो को लेकर नारे लगा रहे थे। जिसमें मुख्य रूप से मजदूरों को काम दो काम का पूरा दाम दो, मनरेगा में ठिकेदारी और जेसीबी मशीन नही चलेगी वरना कोर्ट में केश चलेगी। हर मजदूर की यही पुकार काम का हो पूरा अधिकार, शहीद नीलाम्बर पीताम्बर अमर रहे, मनरेगा से करेंगे हरियाली गांव शहर में होगी खुशहाली, मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार बंद करो। मजदूरों ने विधिवत एवं शांति तरीके से ढोल मांदर के साथ अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। मजदूरों को ब्लॉक गेट के पास उपस्थित सुरक्षा बलों के द्वारा रोक दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड नाजिर महेश राम, हेरहंज पंचायत के रोजगार सेवक विशाल कुमार उपस्थित रहे। सूचना मिलने के उपरांत बीपीओ सहित कई प्रखंड कर्मी प्रखंड परिसर पहुंचे। संबंधित पदाधिकारी के द्वारा आश्वासन मिलने के पश्चात प्रदर्शन कर्मी प्रखंड परिसर से सरना स्थल चले गये। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से नंदकिशोर गंझू, हेरहंज पंचायत उपमुखिया राजबली यादव,सम्पूर्ण ग्राम विकास केंद्र पलामू से राजदेव प्रसाद वर्मा, जिलानी फयाज, प्रेम भुइंया, सुरेश गंझू, मिना देवी, अनिता देवी, फुलमनी देवी, पार्वती देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है : संतोष

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सेरेंगहातु गांव में युवा एकता क्लब द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। आयोजित टूनार्मेन्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी संतोष कुमार द्वारा किया गया। वही संतोष कुमार ने आयोजन कमिटी और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवा एकता क्लब द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। आज के समय मे गांव से लेकर शहर तक के बच्चे बच्चियां खेल के क्षेत्र में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहे हैं। हार जीत खेल का पहलू है। जिसे रुचि के अनुसार खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में निरंतर अभ्यास करें तो सफलता अवश्य ही मिलेगा। वही आयोजन कमिटी के फिरोज अंसारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का खेल प्रतिभा को निखारने के लिये क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। बताया कि खेल को बढ़ावा देने के लिये आने वाले समय में प्रखंड व जिला के सभी पंचायत में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की युवक युवती भी खेल में शानदार प्रदर्शन कर गांव, पंचायत, प्रखंड, जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खेल मे कामयाबी हासिल करेंगे। प्रतियोगिता का पहला मैच अरु और रामपुर रुगड़ी टोली के बीच खेल गया। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष आदित्य साहू, सचिव फिरोज अंसारी, उपाध्यक्ष काशिफ अंसारी, समीर अंसारी, चांद अंसारी, अरुण साहू, राजा अंसारी, काजू, दिलकस, आदर्श सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**भंडरा / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के भंडरा में प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी का चुनाव को लेकर कुल 12 नामांकन पत्र बिके। यहां पर सदर पद के लिए परवेज अंसारी, आफताब आलम, इम्तियाज अंसारी, सेकेट्री पद के लिए अब्दुल रऊफ खान, मोजीबुल रहमान, मंसूर अंसारी, शाहजहां अंसारी, नायब सदर के लिए मुमताज अंसारी, महमूद अंसारी,नायब सेकेट्री पद के लिए मोबारक अंसारी, शकील अंसारी और खजांची पद के लिए खुसरत अंसारी, जुलफान अंसारी ने लिया। वहीं चुनाव कमेटी के सक्रिय सदस्य सलमान अंसारी मंजूर अंसारी, मोजीबुल्लाह मिरदाहा के द्वारा नामांकन पत्र वितरण किया गया और कहा गया कि 3 और 4 फरवरी को नॉमिनेशन किया जाएगा। जिसका समय निर्धारित किया गया 11 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। इधर खजांची पद के लिए खुसरत अंसारी, जुलफान अंसारी ने लिया। वहीं चुनाव कमिटी के सक्रिय सदस्य सलमान अंसारी मंजूर अंसारी, मोजीबुल्लाह मिरदाहा के द्वारा नामांकन पत्र वितरण किया गया और कहा गया कि आगामी 3 व 4 फरवरी को नॉमिनेशन किया जाएगा। जिसका समय पूर्वाह्न 11 बजे से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# भाड़ा लंबित रहने को लेकर ट्रक मालिकों में फूटा गुस्सा

**महीनों से भाड़ा का भुगतान नहीं, इस कारण आंदोलनः संजीव**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** सीसीएल की ओर से संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी में प्रणव नमन मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा ट्रक मालिकों का भाड़ा बकाया है। दूसरी ओर तय भाड़ा से कम राशि का भुगतान किया जा रहा है। इस संदर्भ में कंपनी का ध्यान भी आकृष्ट कराया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसे लेकर ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का गुस्सा शुक्रवार को फूटा। तेतरियाखाड़ कोलियरी के बैरियर के समीप अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गये।

ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन बालूमाथ लातेहार के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ पप्पु सिन्हा ने कहा कि उपरोक्त कंपनी पर विभिन्न कोलियरियों में सैकड़ों ट्रक मालिक का भाड़ा का गबन करने का आरोप लगते रहा है। भाड़ा लंबित रहने और कम भाड़ा देने को लेकर ट्रक मालिकों में गुस्सा है। कहा कि प्रणव नमन मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने यहां लोकल स्तर पर अपना लिफ्टर मनोज यादव और प्रदीप यादव को रखा है। इन दोनों के द्वारा भी कई अन्य डीओ में भी कोयले का उठाव कर भाड़ा का भुगतान बकाया रखा गया है। बताया कि बालूमाथ साइडिंग का भाड़ा 550/टन निर्धारित है, परंतु एसोसिएशन के साथ एक डीओ के लिए समझौता के तहत 400/टन की दर से माल की ढुलाई की बात पर बात बनी थी। यह भी तय था कि कोयला उठाव के एक सप्ताह के भीतर भाड़ा का भुगतान कर दिया जायेगा। परंतु महीनों बीतने के बाद भी भाड़ा का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसी कारण ट्रक मालिक चरणबद्ध आंदोलन को विवश हैं।

# लातेहार बाल संरक्षण इकाई ने नाबालिग लड़की को रेस्क्यू कर परिजन को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** लातेहार जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा दिल्ली पुलिस के सहयोग से बरवाडीह प्रखंड के हरातू पंचायत के आदिम जनजाति परिवार की नाबालिक लड़की को रेस्क्यू करके वापस लाकर शुक्रवार को उसे उसके परिजन को सौंपा गया।

जानकारी के अनुसार हरातू की आदिम जनजाति परिवार की सोनी ( काल्पनिक नाम ) सितंबर महीने में चुगरू पंचायत के नरेश उरांव के कहने पर अपनी एक दोस्त के साथ दिल्ली काम करने को गयी थी। जहां वह घर से भाग कर पहले लाभर से डाल्टनगंज गयी और फिर उसके बाद बस से नरेश उरांव के साथ दिल्ली पहुंची। जहां नरेश उरांव ने उसे एक घर में काम लगाकर वहां से वापस चला गया। जहां नाबालिग लड़की जिसके घर काम कर रही थी वहां उसे डेढ़ वर्षो तक कहीं नहीं जाने और किसी से बात नहीं करने की हिदायत दी गयी। इसके बाद वह भय के कारण वहां से भागने का मौका तलाश करने लगी और इस बीच घर की मालकिन के साथ बाजार जाने के बीच हुआ।

मौका देखकर वहां से जहां दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पुलिस के द्वारा और फिर उसे बालिका गृह किलकारी भवन में रखकर जिला बाल कल्याण इकाई से संपर्क साधा गया। जिसके बाद जिला बाल कल्याण इकाई और दिल्ली पुलिस के बीच संपर्क स्थापित करते हुए उसे शुक्रवार को दिल्ली पुलिस टीम के लातेहार लाया गया। इस दौरान बाल कल्याण विभाग के मनोज कुमार सिंह पूर्व मुखिया हरातू जनेश्वर सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## पुस्तकालय के लिए पुस्तक चयन को लेकर बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्र के आलोक में लोहरदगा जिला तीनों सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय मॉडल स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों के चयन हेतु गठित समिति की बैठक हुई। बैठक में पुस्तकों के लिए विद्यालयवार प्राप्त आवंटन अनुसार पुस्तकों की सूची तैयार करने, एक पुस्तक मेला का आयोजन का आयोजन करने व उसमें प्रकाशकों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया एवं आवश्यक निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बच्चों और युवाओं को शहीदों के बारे में बताने की जरूरत : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहीद वीर बुध भगत की 192वीं शहादत दिवस के अवसर पर हरधर-गिरधर समारोह समिति कुडू, लोहरदगा द्वारा टिको के पोखरा टोली स्थित शहादत स्थल के पास शहादत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा शहादत स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

उपायुक्त समेत सभी अतिथियों द्वारा शहीदों वीर बुधु भगत, शहीद हलधर भगत, शहीद गिरधर भगत, शहीद विश्वनाथ भगत, शहीद लोदरो गुरू, शहीद रूनिया और झुनिया के समाधि स्थल पर जल और पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि आज युवाओं और बच्चों को शहीदों को याद करने का उत्तम समय है। सोशल मीडिया के माध्यम से भटकाव की संभावनाएं ज्यादा हैं। बच्चों व युवाओं को आज शहीदों के बारें बताने की जरूरत है। अगर उन्हें हम शहीदों के बारे बतायें, उनके बलिदान के बारे बतायेंगे तो वे सही राह पर चलेंगे। उपायुक्त ने कहा कि आज अशिक्षित होना सबसे बड़ी समस्या है। सभी को शिक्षित होना आवश्यक है ताकि देश विकास की पथ पर निरंतर आगे बढ़ सके।

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि वीर बुधु भगत के बलिदान और संघर्ष की तरह अन्य उदाहरण बहुत कम देखने का मिलते हैं जब किसी पूरे परिवार ने ही अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया हो। उस समय हमारे सामने चुनौती के रूप में अंग्रेज थे। आज शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर करने की चुनौती है। इसे चुनौती के रूप में लिया जाना चाहिए। हमें शहीदों के बलिदान को आनेवाली पीढ़ी को बताना चाहिए ताकि उनका बलिदान जिंदा रहे। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम इतिहास को जानने का बेहतर माध्यम हैं। उस समय आजादी के संघर्ष के दौरान हमारे पास सीमित संसाधन थे। आज जो समस्याएं हैं उसके खिलाफ हमें लड़ाई लड़नी होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रयास करने की जरूरत है। जो कमियां हैं उनके विरूद्ध लड़ाई लड़नी होगी।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा ग्रामीणों के बीच का कम्बल का वितरण भी किया गया।

# आजीविका समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही सविता उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भंडरा प्रखण्ड के सेमरा गांव निवासी सविता उरांव इंटर पास पढ़ी-लिखी एक ग्रामीण महिला है। जो कोयल आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की राह चुन ली है। सविता के परिवार में पति, सास, ससुर एवं दो बच्चे है। वर्ष 2015 से पहले सविता दीदी का परिवार थोड़ी-बहुत खेती एवं पलायन कर बड़े शहरों में दिहाड़ी मजदूरी द्वारा किसी तरह अपना जीवन यापन किया करता था। साल 2015 में सविता के गांव सेमरा में समूह गठन का कार्य शुरू हुआ। 11 महिलाओं के साथ सविता भी कोयला आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह में जुड़ गयी। समूह में जुड़ने के बाद दैनिक बचत करना सीख छोटे-मोटे खर्चो के लिए ऋण लेकर अपनी जरूरतें पूरी करने लगी। साल 2018 में सविता दीदी ने अपने समूह से 20 हजार रुपये ऋण लेकर 2 गाय खरीद कर गाय पालन का काम करने लगी। दुग्ध उत्पादन से 20 हजार रुसे 25 हजार रु सलाना आमदनी होने लगी। उसके बाद वर्ष 2022 में अपने पास रखे कुछ बचत के रुपये में अतिरिक्त 26 हजार रु रुपये का ऋण समूह से लेकर अपने खेतों में सिंचाई के लिए बोरिंग करायी तथा रबी के मौसम में आलू एवं मटर 70 डिसमिल के प्लॉट में लगाई। फसल की पैदावार अच्छी हुई जिससे कि सविता दीदी को उस वर्ष 55 हजार रु से 60 हजार रु रुपये की आमदनी हुई। इस साल 2023 में समूह से 50 हजार रु रुपये का ऋण लेकर टेंट हॉउस का सामान अपने घर में रख कर ग्रामीण स्तरीय शादी विवाह, पर्व-त्योहारों, एवं अन्य अवसरों पर टेंट हॉउस का काम संचालित करने में अपने पति को सहयोग कर रही है। वर्तमान में सविता दीदी को दुग्ध उत्पादन, खेती तथा टेंट हॉउस के काम से मिला जुला कर कुल 75 हजार रु से 80 हजार रुपये की सलाना आमदनी हो रही है।

## आल इंडिया टूर पर निकले युवा सानू सिसई पहुंचे

**सिसई (आजाद सिपाही)।** फिट इंडिया मुवमेंट के अंतर्गत नशा से दुर रहने, एक घंटे साईकिल चलाकर स्वस्थ्य रहने का संदेश लेकर साईकिल से आंल इंडिया टुर पर निकले जम्मू कश्मीर का युवा सानू राजपूत (31) शुक्रवार को सिसई पहुंचा, जहां लोगों ने उसका स्वागत किया। इस दौरान सानू राजपूत ने बताया कि वह 17 जुलाई 2023 को जम्मू कश्मीर से साईकिल पर निकला है, करीब साढ़े छह माह में वह देश के 14 राज्य से होते हुए 15 वां राज्य झारखंड पहुंचा है। प्रतिदिन वह करीब 80-100 किमी का सफर तय करता है, वह अपने साथ रुकने के लिए टेंट व खाना बनाने के लिए चुल्हा-सिलेंडर, बर्तन आदि अपने साईकिल पर ही लेकर चलता है, रात्रि विश्राम वह मंदिर, धर्मशाला, सार्वजनिक स्थल अथवा खुले मैदान में टेंट लगाकर करता है। उन्होंने बताया की राष्ट्र भ्रमण के दौरान उनके खर्च का वहन उसके भाई कर्ण राजपूत द्वारा आंनलाईन भेजा जाता है, वहीं कई जगहों पर लोगों से भी मदद मिल जाती है।

### हत्या के बाद शव का अंतिम संस्कार से पहले ही अपहरणकर्ता ने भेजा धमकी भरा मैसेज कहा..

# .. रकम नहीं मिली तो पूरे परिवार को मार डालूंगा

**गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क किया जाम , मृतक के परिजनों को समझा बुझा कर जाम हटवाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** फिरौती की रकम नहीं पहुंचाने पर मंझाटोली निवासी रिटायर शिक्षिका मंजुला खलखो के पुत्र मनोज मिंज की अपहरणकर्ता ने हत्या कर दी। हत्या के बाद पोगरा गांव के एक कुएं से उसका शव बरामद किया गया। अपहरण के बाद पुलिस को इसकी लिखित सूचना परिजनों ने दी थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने कोई सक्रियता इस मामले में नहीं दिखाई।

बीते 25 जनवरी के बाद 1 फरवरी को अपहता का शव मिला। पुलिस को सूचना मिलने पर वह शव उठाने चली गई। शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। लेकिन अपहरणकर्ता इतने बड़े दिलेर निकले कि शव के अंतिम संस्कार के लिए सारे लोग जा रहे थे इसी बीच अपहरणकर्ता का मैसेज मृतक की पत्नी अनुभा मिंज के फोन पर आया । अपहरणकर्ता का दुस्साहस यह है कि उसने मैसेज के द्वारा उक्त परिवार को खत्म कर डालने की धमकी दे डाली। अपहरणकर्ता ने मैसेज में लिखा कि अगर पैसे नही मिले तो अबकी बार किसी दूसरे की जान जायेगी। वह एक एक कर वह पूरे परिवार को मार डालेगा। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी, लेकिन पुलिस को अभी तक अपहरणकर्ता का कोई सुराग नहीं मिला है। शुक्रवार की सुबह फिर मृतक की पत्नी के फोन पर वही धमकी भरा मैसेज। जान प्यारी है तो रुपयों की व्यवस्था करो।

**सुराग पाने में नाकाम रायडीह पुलिस :** मनोज मिंज का अपहरण हुआ, पुलिस पता लगाने में नाकाम, मनोज मिंज की हत्या हुई, पुलिस को कुछ पता नहीं। मनोज मिंज का शव मिला इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। मनोज को मौत के घाट उतारने के बाद फिर अपहरणकर्ता का मैसेज आता है, पुलिस अपहरणकर्ता को ट्रेस करने में असफल। मृतक के परिजनो को लगातार मिल रही धमकियां, पुलिस विवश लाचार। और जहां तक आम लोगों के बीच चर्चा है कि पुलिस के हाथ अभी तक अपराधी की गर्दन तक नहीं पहुंच सके हैं।

**नाराज ग्रामीणों ने विरोध में किया सड़क जाम :** इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। घटना के बाद पुलिस की नाकामी और सुस्त रवैए से ग्रामीणों के अंदर का उबाल देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने घंटों सड़क जाम कर दिया। प्रखंड व पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों ने परिजनों को समझा बुझा कर जाम हटवाया।

**मृतक की पत्नी ने थाना प्रभारी पर लगाए कई आरोप :** मृतक की पत्नी अनुभा मिंज ने जाम स्थल पर थाना प्रभारी के समक्ष उन पर कई आरोप लगाए। अनुभा मिंज ने कहा कि जिस दिन उसका पति गायब हुआ था उस दिन वे थाना प्रभारी पर भरोसा कर के लगभग रात के दस बजे रायडीह थाना गईं थीं। लेकिन थाना प्रभारी 2 घंटे के बाद अपने कमरे से निकले तब अनूभा से मुलाकात हुई। वहीं अनुभा ने भीड़ के सामने थाना प्रभारी को कहा कि आप लापरवाह है। आपको सब पता था। लेकिन आप ने सक्रियता नहीं दिखाई। यह नहीं बताया जा सकता कि अनुभा मिंज के इन आरोपों में कितना दम है। लेकिन अनुभा द्वारा लगाए गए आरोप काफी गंभीर हैं।

**पुलिस द्वारा कुछ लोगों को हिरासत में लिए जाने की मिल रही है सूचना :** पुलिस इस घटना के बाद काफी एक्टिव मोड में है। चर्चा है कि अपनी सक्रीयता दिखाते हुए पुलिस ने एक व्यक्ती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अगर यह खबर सच है तो एक उम्मीद जताई जा सकती है कि रायडीह पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा कर सकती है।

## नेशनल पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** नेशनल पब्लिक स्कूल थाना रोड सिसई में शुक्रवार को विदाई समारोह कर दसवीं के छात्र –छात्राओं को विदाई दी गई। इस मौके पर एच एम योगेंद्र बडाईक ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बच्चों को कई टिप्स दिये और छात्र –छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर दिल लगाकर मेहनत व पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मैट्रिक के छात्र छात्र–छात्राओं ने बारी बारी से अपने अनुभव को साझा किया। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। स्कूल प्रबंधन निदेशक महमूद आलम, एचएम योगेंद्र बडाईक, वाइस एच एम शकुंतला देवी, शिक्षक अनुप कुमार, रेयाउद्धीन अंसारी, सुभाष कुमार, फिरदोस आलम, इंतेसार अंसारी अमित तिर्की, जितेन्द्र साहु, संतोषी कुमार, पुनम तिर्की, संगीता कुमारी, गुलाफ्शा, शगुफ्ता परवीन, राजकुमारी ने छात्र छात्र–छात्राओं को कलम व फाईल देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## माउंट ओलिव्स इंग्लिश मीडियम स्कूल सिसई में खेल दिवस आयोजित




**सिसई (आजाद सिपाही)।** माउंट ओलिव्स इंग्लिश मीडियम स्कूल पिलखी मोड़ सिसई में शुक्रवार को खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिलेबी रेस में प्रथम रीतिका उरांव, द्वितीय स्वाती उरांव, तृतीय अल्फा तिर्की, बोरा कुद में क्रमशः रश्मि कुमारी,आदिति उरांव, वैशनवि उरांव, 400 मीटर गर्ल्स दौड़ में क्रमशः सुभानी कच्छप, रजनी कुमारी, अशवनी किण्डो, 200 मीटर गर्ल्स में क्रमशः साक्षी केरकेट्टा, अशवनी किण्डो, सोनाक्षी उरांव, 400 मीटर बोयज रेस में क्रमशः संजय उरांव, सुजीत उरांव, विवेक महली, 200 मीटर बोयज रेस में पहला स्थान विवेक महली, दुसरा स्थान सवर्या राज, तीसरे स्थान पर अभिषेक उरांव रहा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी, मुखिया शोभा देवी, पंसस रेखा देवी, कामेश्वर शर्मा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल के गुमला शाखा एच एम नुतन ज्योति बाडा, ट्रस्टी प्रदीप कुजूर, वाईस एच एम सोसन लकड़ा, शिक्षक सुधीर किंडो, दीपशिखा किंडो, मनीषा मिंज, असुनता मिंज, सुनिता कुमारी, आकाश कुमार लाल सहित स्कूल के शिक्षक, अभिभावक व छात्र –छात्राएं उपस्थित थे।

## सभी कर्मी गांव में जाकर लोगों से मुलाकात कर योजनाओं का करें चयन : बीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** प्रखंड के चपका पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को मनरेगा दिवस मनाया गया। इस दौरान मनरेगा योजना की जानकारी योजना लेने व योजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करने सहित कई अहम जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। इस दौरान 100 दिन काम करने वाले मजदूरों को सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. साथ ही महिला मेठ के अलावे मनरेगा में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों व लाभुकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान बीपीओ बेबी कुमारी ने बताया कि 2 फरवरी के दिन मनरेगा दिवस मनाया जाता है आज पूरे भारतवर्ष में मनरेगा दिवस मनाया जा रहा है। जिसके निमित घाघरा प्रखंड के चपका पंचायत सचिवालय में मनरेगा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि मनरेगा योजना सरकार के द्वारा चलाए जा रहे अति महत्वाकांक्षी योजना है जिससे गांव में विकास के साथ-साथ लोगों को रोजगार की समुचित व्यवस्था है। ईमानदारी पूर्वक सभी कर्मी गांव-गांव में जाकर आम लोगों से मुलाकात कर योजनाओं का चयन करें और जरूरतमंद लोगों को सरकार के इस लाभकारी योजना से लाभान्वित करे। इस दौरान प्रमुख सविता देवी, मुखिया अंगनी उरांव व पंचायत समिति सदस्य सिमा देवी ने भी लोगों को संबोधित कर मनरेगा योजना के बारे में बताया। इस मौके पर प्रमुख सविता देवी, बीपीओ बेबी कुमारी, मुखिया अंगनी उरांव, सिमा देवी, झरी उरांव, डॉली उरांव, मीना देवी, रवि उरांव, मुन्नू साहू, करमपाल उरांव, अशोक सिंह, महेश्वर साहू व महावीर उरांव सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता - पुत्र घायल

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंदरीडीह निवासी 26 वर्षीय विनोद राम और उसका 3 वर्षीय पुत्र सुशांत नगेसिया बोलेरो की टक्कर से घायल हो गए। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनो का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिता पुत्र बाइक से बाजरा धान कुटवा कर घर लौट रहे थे। तभी बाजरा के समीप सामने से एक बोलेरो टक्कर मारकर घटना स्थल से फरार हो गया। वहीं पिता पुत्र दोनों सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। पिंजराडीपा के कुछ युवकों ने दोनों को घायल अवस्था में सड़क पर बेहोश पड़े देखा। इसके बाद निजी वाहन से सदर अस्पताल लाया गया। दोनों के चेहरा पैर व शरीर के काई हिस्से में चोट लगी है।

## बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल में लगाये जायें कैमरे

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** नवडीहा टाना स्कूल आवासीय विद्यालय में एक बच्चे द्वारा फांसी लगाए जाने की घटना के बाद शुक्रवार को प्रबंधन समिति की बैठक प्रभारी कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र उरांव की उपस्थिति में किया गया। बैठक में विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों, शिक्षकों के संरक्षण विद्यालय को और बेहतर बनाने, विद्यालय के चारदिवारी को ऊंचा करने, साथ ही विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने पर चर्चा किया गया।और जिला के वरीय अधिकारियों को उक्त दिशा में पहल करने की बात कही गयी। इसके साथ ही विद्यालय के पुरानी प्रबंधन समिति को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया।जिसमें सर्व समिति से टाना भगत कोर कमेटी का गठन कर कोर कमेटी अध्यक्ष पंकज टाना भगत, सचिव सुखेश्वर भगत, कोषाध्यक्ष बन्धना टाना भगत को बनाया गया। बैठक में विद्यालय के सभी प्रकार की निगरानी एवं शिक्षक विद्यार्थियों का संरक्षण बच्चों का शिक्षा बेहतर करने, विद्यालय के चारदीवारी को ऊंचा करने और सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की चर्चा किया गया। वही सभी मांगो को लेकर जिला के वरीय पदाधिकारी को पत्राचार किया जाएगा।

## माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की जिला शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नव माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला ।प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से सभी कोटि के उच्च विद्यालयों के वेतन भुगतान, नव नियुक्त माध्यमिक शिक्षकों के ससमय वेतन भुगतान, सेवा संपुष्टि एवं अन्य विषय पर बातचीत की । बैठक में कार्तिक प्लस टू उच्च विद्यालय छारदा के शिक्षक शिवचरण उरांव की अस्वस्थता के संबंध में भी जिला शिक्षा पदाधिकारी से वार्ता हुई और उन्होंने हर संभव मदद देने का आश्वासन भी दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने यह स्पष्ट रूप से कहा कि अगले सप्ताह किसी भी परिस्थिति में सबों का वेतन भुगतान प्रारंभ कर दिया जाएगा एवं माध्यमिक शिक्षकों की जो भी समस्या हो उसका भरसक निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर नव माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनीत कुमार नंद, सचिव जयन्त कुमार पाण्डेय, वरीय शिक्षक रंथु गोप, प्रवीण ओहदार, शिक्षक अनुराग प्रसाद गुंजन, फैजयाब आलम, ललन गुप्ता, अमरेश चंद्र पांडेय, मिडिया प्रभारी दानिश अकरम, विनय प्रसाद नायक शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रायडीह।** शराब के नशे में धुत्त दो बाइक सवारों के दुर्घटना ग्रस्त हो जाने पर एक बुरी तरह जख्मी हो गया। वहीं दुसरे की जान चली गई। मामला रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत लौकी जमगई गांव के समीप का है। सड़क दुर्घटना में बाइक सवार बकरा कोना निवासी 20 वर्षीय अनुज एकका पिता संतोष एकका की मौत हो गई है। घायल बाइक सवार की पहचान बाइक चालक रुकरूम गांव निवासी 19 वर्षीय सुखदेव उरांव के रुप में हुई है। दुघर्टना होने के बाद सहयोगियों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद अनुज एक्का को मृत घोषित कर दिया वही सुखदेव उरांव को चोट लगी थी। जिसका इलाज किया गया। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक लौकी गांव अपने एक दोस्त को लाने गए थे। वहीं ये दोनों बाइक से आगे आगे चल रहे थे जबकि उनका दोस्त दूसरे बाइक से पीछे-पीछे आ रहा था। घायल युवक ने बताया कि बाइक में लाइट नहीं थी।लौकी जमगई के समीप आगे चल रहे एक कार ने अचानक ब्रेक ले ली। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित हो गया और सड़क पर गिर गया। सड़क में गिरने से पीछे बैठे अनुज एकका की मौत हो गई।

## मृतक मजदूर रमेश लोहरा का शव पहुंचा गांव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मजदूर संघ सीएफटीईआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं समस्त टीम के प्रयास से गुमला के मजदूर का शव हिमाचल प्रदेश के सोलन जिला से अपने गांव अंबोआ पंचायत के केसीपारा गिंडरा कुम्हारटोली पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। परिजन और गांव वासी दहाड़े मार कर रोने लगे। बता दें कि 31 जनवरी 2023 को पिता माघु लोहरा द्वारा सीएफटीआईआई को लिखित आवेदन दे कर शव मंगवाने की गुहार लगाई गई थी। जिसके बाद मजदूर संघ सीएफटीयुआई प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने इसे गंभीरता से लेते हुए शव मंगवाने की प्रकिया शुरू कर दी। इसकी जानकारी जिला प्रशासन को श्रम अधिक्षक गुमला वा उपायुक्त गुमला को दी।

## ललित उरांव बस स्टैंड के कुएं से लापता युवक का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के ललित उरांव बस पड़ाव स्थित मंगरी होटल के समीप स्थित कुआं में शुक्रवार की सुबह शव देखा गया। शव की शिनाख्त रायडीह थाना क्षेत्र के खक्सी टोली निवासी 22 वर्षीय स्वदीप तिर्की के रूप में की गई।शव संदेहास्प्रद स्थिति में मिला। इधर पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर उक्त स्थल पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुआं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार घटना स्थल के समीप मंगरी होटल में शनिवार की सुबह कुछ लोग खाना खाकर हाथ धो रहे थे। उसी दौरान उन लोगों की नजर कुआं के अंदर पड़े शव पर गई। जिसके बाद लोगों की भीड़ शव देखने के लिये उमड़ पड़ी। घटना के संबंध में मृतक का मामा खेलबर्ट उरांव ने कहा कि उसके भांजे की दिमागी स्थिती ठीक नहीं थी। और वो 27 जनवरी से लापता था। घर में बिना किसी को कुछ बताये कहीं चला गया था। जिसकी काफी खोजबीन की गई। परंतु कुछ पता नहीं चल पाया। आज सूचना मिली कि एक शव बस स्टेड के समीप कुआं में है जिसे देखेने आये तब पता चला कि वह उसके भांजे का शव है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त युवक को विगत दो-तीन दिनों से गुमला बस स्टेड में देखा जा रहा था संभवता वो गुरुवार की रात कुआं में गिरा होगा जिससे उसकी मौत हो गई।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर महिला कांग्रेस का कार्यक्रम स्थगित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देखते हुए 5 फरवरी को घाघरा एस एस हाई स्कूल मैदान में होनेवाली लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा कार्यक्रम को स्थगित कर दी गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए बॉबी भगत ने बताया कार्यक्रम को लेकर कॉन्ग्रेस कार्यकताओं में खासा उत्साह था। सभी जी जान लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मेहनत भी कर रहे थे। राष्ट्रीय नेतृत्व को सुनने के लिए क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह देखा जा रहा था। घाघरा और आसपास के गांवों से कार्यक्रम को लेकर लागातार फोन आ रहे हैं। आगे बॉबी भगत ने कहा इस न्याय यात्रा के बाद राष्ट्रीय नेतृत्व से अगली तिथि पर चर्चा कर तिथि निर्धारित की जायेगी। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता को मायूस नहीं होना पड़े।

## मृतक के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर मिली नौकरी, उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को दो लोगों के हाथों में नियुक्ति पत्र सौंपा। ये नियुक्ति पत्र अनुकंपा के आधार पर दिए गए। पूर्व में ही जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में स्व. फूलचंद नायक, जारी प्रखण्ड के सकतर ग्राम निवासी के आश्रित पुत्र प्रसाद नायक को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चतुर्थ वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

वहीं चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा, किस्तोटोली ग्राम के स्व. संजय बाड़ा की आश्रित पत्नी संगीता बड़ा को उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चतुर्थ वर्ग पर नियुक्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके तहत शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यालय कक्ष में दोनो ही आश्रितों को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

उक्त आश्रितों को नियुक्ति के अलावा उन्हे सरकार के द्वारा निर्धारित वेतन भत्ता के अतिरिक्त समय-समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे ।

## बोलेरो को बचाने में ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सामने से आ रहे बोलेरो को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर एक ट्रक सड़क पर ही पलट गया। घटना कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे फाटक के समीप घटी। ट्रक में प्याज लोड था जो पूरे सड़क पर बिखर गया। घटना में चालक बिहार निवासी 23 वर्षीय राहुल कुमार चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल घायल को उप स्वास्थ्य केंद्र कामडरा ले जाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के उपरांत उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले ली।

## डायन बिसाही का आरोप लगा महिला पर जानलेवा हमला, युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** डायन बिसाही का आरोप लगाकर जानलेवा हमला करने वाले भदौली गांव निवासी अमित उरांव को सिसई पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। वहीं दूसरे आरोपी को पुलिस खोज रही है। अमित और उसके पिता बिरसा उरांव (उर्फ बाऊला) के विरुद्ध गांव के ही रविन्द्र उरांव की पत्नी समीरा देवी ने डायन बिसाही का आरोप लगा बलुवा से जानलेवा हमला कर घायल करने का केस दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि गुरुवार को पीड़िता घर में अपने बच्चे को दुध पिला रही थी, इसी बीच अमित उरांव बलुआ (लोहे का तेज धारदार हथियार) लेकर पहुंचा और अचानक मेरे व बच्चे के ऊपर दो बार वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गयी। हथियार का बेंट टूट गया, मेरे शोर मचाने पर वह भाग गया। अमित और उसका पिता अक्सर मेरे सास ससुर को बिसाहा कहकर प्रताड़ित करते रहता है। हमारे घर में भुत को पालने और डायन बिसाही, गुणी मति करने कहकर घर के सभी लोगों को जान मारने की बात कर रहा है। इससे पहले भी मेरे ससुर और हम लोगों पर इन लोगो के द्वारा जानलेवा हमला किया जा चुका है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
10

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस और स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली




**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं के साथ पुलिस ने जागरूकता रैली निकाली और एनएच 98 मुख्य मार्ग के चौक चौराहों पर आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, बाइक चलाते समय हेल्मेट पहनने, वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी नहीं बैठाने, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने और यातायात नियम का पालन करने की अपील की गई।

## प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने किया राशन डीलरों के साथ बैठक, दिये कई निर्देश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने राशन डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान एमओ ने उपस्थित राशन डीलरों को खाद्य आपूर्ति से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। कहा कि सभी राशन डीलर को समय पर राशन और चना दाल वितरित किया जाए। साथ ही आधार सिडिंग के सभी कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए, ताकि वैसे लाभुक जो अंगूठा नहीं लगने की वजह से योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं वे भी लाभ ले सकें। इसके अलावा मृत या छह माह से राशन उठाव नहीं करने वाले लाभुक का नाम विलोपित करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर राशन डीलर अभिमन्यू सिंह, उदय यादव, बिमलेश कश्यप, प्रवीण कुमार, उमेश पासी, मिथिलेश राम, सूर्यनाथ पासवान, ललन पासवान और सीताराम मेहता आदि मौजूद थे।

## संजय बैठा ने करायी मृतक के दाह संस्कार के लिए लकड़ी की व्यवस्था



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** निवर्तमान वार्ड पार्षद सह जिला कार्य समिति सदस्य संजय बैठा ने मृतक के दाह संस्कार के लिए लकड़ी की व्यवस्था करायी। बतातें चलें कि विश्रामपुर नप के वार्ड नंबर 13 अंतर्गत चुनाटांड़ निवासी रामचंद्र राम की 80 वर्षीय पत्नी बिफनी देवी का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार को निधन हो गया। इसके परिजनों री माली हालत इतनी खराब है कि वे दाह संस्कार भी करा पाने में असमर्थ थे। परिजनों ने संजय बैठा से इसकी जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने दाह संस्कर के लिए लकड़ी की व्यवस्था करा दी। साथ ही परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। दाह संस्कार में बबन राम, सुदामा राम, सुरेश राम, विनोद राम आदि शामिल थे।

## सुरक्षा के चलते भारत-पाकिस्तान मैच की नहीं हो रही खूब चर्चा, भारतीय उच्चायोग ने किया टीम का स्वागत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारतीय उच्चायोग ने यहां 60 साल में पहली बार आई भारतीय डेविस कप टीम का स्वागत किया। भारतीय टेनिस टीम पाकिस्तान से डेविस कप मुकाबला खेलने आई है। पाकिस्तान में भारतीय उच्चायुक्त गीतिका श्रीवास्तव ने भारतीय खिलाड़ियों और अधिकारियों का स्वागत किया। पिछली बार भारतीय डेविस कप टीम 1964 में पाकिस्तान आई थी। सुरक्षा के चलते भारत-पाकिस्तान मैच की खूब चर्चा नहीं हो रही है। क्योंकि दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण खेल संबंध अवरूद्ध हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय टीम का यहां स्वागत करना गर्व की बात है। यह ऐतिहासिक मौका है कि भारतीय टीम इतने लंबे समय बाद पाकिस्तान आई है।

### राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11-12 फरवरी को

# आदिवासी खान पान, कपड़े व संस्कृति पर विशेष बल : डीसी

**विभिन्न सरकारी विभागों के लगाए जायेंगें स्टॉल, परिसंपत्तियों का होगा वितरण**

### भव्य व आकर्षक होगा राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी को होगा। जिसके सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीडीसी रवि आनंद, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, मेदिनीनगर के भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल, समाज कल्याण पदाधिकारी, सदर सीओ अमरदीप मल्होत्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, राजा मेदनी राय स्मृति न्यास सह मेला समिति के अध्यक्ष व सचिव आदि उपस्थित रहे। बैठक में मेला के दौरान विभिन्न विभागों के स्टाल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। डीसी ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को मेदिनीराय की याद में इस वर्ष भी लगने वाले मेले को बेहतर तरीके से सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने मेला परिसर में शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने और मेला परिसर में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था रखने की बात कही। इसके अलावा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर भी कई निर्देश दिये। मेले को भव्य, आकर्षक, बेहतरीन व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीसी ने मेला प्रबंधकीय समिति का गठन करते हुए समिति को मेला के लि एमिनट टू मिनट बनाने, अतिथियों को निमंत्रण भेजने, संपूर्ण मेले के रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मेले के जरिये आदिवासी फूड, कपड़े और आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल दिया।




समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

## पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने ग्रहण किया पदभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा के जिला कार्यालय में शुक्रवार को पदभार ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने वर्तमान जिला अध्यक्ष अमित तिवारी को पदभार सौंपा। समारोह के प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह के साथ ही प्रदेश, जिला व मंडल के प्रभारी व अध्यक्ष के साथ ही कार्यकर्ता भी साक्षी बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता भी निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने की। उन्होंने कहा कि दायित्व तो आते-जाते रहते है। हम सभी केवल एक कार्यकर्ता ही हैं। विजयानंद पाठक ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अमित तिवारी को पूर्ण सहयोग करने का वचन भी दिया। वहीं वर्तमान जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा में पद नहीं, बल्कि दायित्व होता है। सभी से आग्रह है कि अनुशासन में हम सभी को रहना है। पलामू भाजपा प्रभारी को यह आश्वासन देता हूं कि हम पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कोई कमी नहीं होगी। मंच का संचालन युवा मोर्चा महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने किया। वहीं, पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, प्रेम कुमार सिंह, नरेंद्र पांडे ने भी अपने विचार रखे। मौके पर प्रदेश कार्य समिति समस्त सदस्य विनोद सिंह, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के सदस्य अशोक सिंह, पूर्व सांसद मनोज कुमार, प्रभात भुइयां, उदय शुक्ला, अविनाश वर्मा, रामप्रवेश सिंह, अजय तिवारी, लवली गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, रेणु देवी, संतोष सिंह, नवेंदु मिश्रा, सोमेश सिंह, सीटू गुप्ता, जय दूबे, शिवकुमार मिश्र, जितेंद्र तिवारी, रेणुका पांडे, जितेंद्र तिवारी, ज्योति पांडे, रामेश्वर राम, राकेश दूबे, वशिष्ठ पांडे, श्याम देव सिंह, निरंजन पासवान, प्रदीप सिंह, विजय ठाकुर आदि उपस्थित थे।



## सरकार ओबीसी से कर रही सौतेला व्यवहार: बीडी प्रसाद

**पांडू पहुंचा पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का रथ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर अभियान रथ यात्रा के माध्यम से नुक्कड़ सभा एवं प्रचार प्रसार की जा रही है। इस बाबत अभियान रथ निकाला गया है, जो शुक्रवार को पांडू प्रखंड के पूरे पंचायत क्षेत्र में सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक भ्रमणशील रहा। इस दौरान नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संयोजक मंडल के ब्रह्मदेव प्रसाद, विजय चंद्रवंशी, अख्तर अंसारी, अमर प्रसाद, बंदला गांव के मुखिया इंद्रजीत, संतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे। ब्रह्मदेव प्रसाद ने सभी संयोजक मंडल एवं ओबीसी समाज के अगुआ साथियों से आग्रह किया कि इस अभियान रथ यात्रा में शामिल होकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से बृहद प्रचार प्रसार करके एवं ओबीसी समाज को आमंत्रित करने में बहुमूल्य योगदान दें। ब्रह्मदेव प्रसाद ने सभी ओबीसी समाज के प्रबुद्ध लोगों से आग्रह किया कि 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में उपस्थित होकर इस महासम्मेलन को सफल बनायें। वहीं, अख्तर अंसारी ने कहा कि आज जिस प्रकार समाज में हमारा शोषण हो रहा है इसे देखकर मन छिन्न होता है। सरकार ओबीसी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जिसे बंद करना होगा। साथ ही त्वरित न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना करें।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति गंभीर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला रेलवे स्टेशन के बक्शी हाई स्कूल के समीप गुरुवार की रात मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति का एक पैर कट गया। उसकी हालत गंभीर बनाई जा रही है। ग्रामीणों के सहयोग से उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। उसकी पहचान अशोक कुमार के रूप में हुई है। वह उंटारी रोड थाना क्षेत्र के छतरपुर का रहने वाला है।

### नल जल योजना में धांधली के खिलाफ अनशन जारी



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी स्थित भगत सिंह चौक पर नल जल योजना में हुई धांधली के प्रतिवाद में पांकी मध्य जिला परिसद खुशबू कुमारी के नेतृत्व में भकपा-माले के जिला अध्यक्ष गुड्डू भुईयां, राज्य सचिव त्रिलोकी कुमार, राजकुमार सिंह, इजहार अली, आइसा प्रदेश अध्यक्ष तरुण कुमार, जिला सचिव आरएन सिंह, प्रदेश सचिव मनोज भक्त, अखिलेश कुमार, अरविंद कुमार गुरुवार से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे है। जिप सदस्या खुशबू कुमारी ने कहा कि पांकी प्रखंड के कई गांव ऐसे है जो बिल्कुल ड्राई जोन में है। सरकार ने करोड़ों रुपये की लागत से घर-घर पानी पंहुचाने की योजना बनाई है, जिससे लोगों में काफी उत्साह था। लेकिन शिलान्यास के चार वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक योजना को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि संवेदक ने नल जल योजना पर बड़े पैमाने पर धांधली की है। जगह-जगह पर पाइप में लीकेज है। काम घटिया होने के कारण सड़कों पर पानी बह रहा है। संवेदक द्वारा बरती गई अनियमितता को लेकर जिला परिषद की बैठक में कई बार मुद्दे को उठाया गया। पर विभागीय पदाधिकारी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगा। कहा कि संवेदक द्वारा बरती गई अनियमितता की उच्चस्तरीय जांच का आश्वाशन नही मिलता है, तब तक अनशन जारी रहेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बीएन सिंह और लातेहार जिला सचिव बिरजू राम भी शामिल हुए।

### केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर हुसैनाबाद नपं में कार्यशाला का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में शुक्रवार को केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी और बीडीओ रोशन कुमार ने किया। संचालन नगर मिशन प्रबंधक राकेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों को आठ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। वहीं, शिविर में केंद्र सरकार की आठ कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री वंदना योजना, श्रम योगी मंधन योजना, जीवन ज्योति योजना ,जननी सुरक्षा योजना, वन राशन वन कार्ड आदि की जानकारी दी गयी। कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने कहा कि उक्त सभी योजनाएं जन हित के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। आने वाले समय में नगर पंचायत में फुटपाथी दुकानदारों व उनके परिवार के लोगों को लाभ मिलेगा। वहींस बीडीओ रोशन कुमार ने भी कई अहम जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, धीरज गुप्ता, रविकांत पटेल, संजीत पासवान, विकास कुमार समेत स्वयं सेवी संस्था आदि मौजूद थे।

### बस्ताकोला स्थित माइंस रेस्क्यू स्टेशन में अंडर लेबल फर्स्ट एड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला स्थित माइंस रेस्क्यू स्टेशन में शुक्रवार को एक दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें पुरूष वर्ग में ओवरआल बरोरा, द्वितीय बस्ताकोला, महिला वर्ग में ओवरआल सिजुआ, द्वितीय बस्ताकोला रहा। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें टीमों ने घायल कर्मी को खदान से सुरक्षित बाहर निकालने का डेमो प्रदर्शन किया। सभी टीमों ने अपना प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बीसीसीए के बस्ताकोला, कुसुंडा, बरोरा, गोविंदपुर, सिजुआ, पीबी एरिया, ईजे एरिया, डब्ल्यू जे एरिया, सेल, टाटा, लोदना व ब्लाक- ने भाग लिया। टीम में बस्ताकोला व सिजुआ के एक-एक महिला टीम ने भाग लिया। वहीं, टाटा के एक कांट्रेक्टर की एक टीम ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जज के रूप में पीबी एरिया के सीएमो झुलन मुखर्जी, सेल कंपनी के चिकित्सक एसए हुसैन, टाटा के चिकित्सक अंकित कुमार के अलावा चिकित्सक सुजीत कुमार, प्रवीण उपाध्याय, यू मल्लेश, तुहीना आलोक थे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जीएम सेफ्टी रेस्क्यू अरूण कुमार, किशोर यादव, एएसओ मनोतोष कुंडू थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में देशराज प्रसाद, अशोक राम, श्रीराम चौहान का सराहनीय योगदान रहा।

## स्पोर्ट्स



**आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले वनडे मुकाबले में वेस्टइंडिज को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही तीन वनडे मैचों की सीरीज में आस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बना ली है। अगला मुकाबला सिडनी में खेला जाएगा।**

### पहले वनडे में स्मिथ, ग्रीन और इंग्लिस के अर्धशतक, डेब्यू कर रहे बार्टलेट ने झटके चार विकेट

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले वनडे में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया। इसी के साथ तीन वनडे मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 से बढ़त बना ली है। टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने फील्डिंग करने का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने 48.4 ओवर में 10 विकेट पर 231 रन का स्कोर खड़ा किया। कीसी कार्टी ने 88 रन बनाए जबकि रोस्टन चेज ने अर्धशतक लगाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए, जेवियर बार्टलेट ने 4 विकेट लिए। जवाब में, जोश इंग्लिस, कैमरून ग्रीन और स्टीव स्मिथ के अर्धशतकों की बदौलत मेजबानों ने 38.3 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य पा लिया।



### केसी कार्टी का अर्धशतक

केसी कार्टी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करियर की बेस्ट 88 रन की पारी खेली। टॉप ऑर्डर में लगातार विकेट गिरने के बाद कार्टी ने अपनी टीम को बचाया और 108 गेंदों में 88 रन बनाए। यह अब उनका बेस्ट वनडे स्कोर है। उनकी पारी में छह चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं, रॉस्टन चेज ने डिफेंसिव पारी खेली और 67 गेंदों में 59 रन बनाए। उनकी पारी में सात चौके शामिल थे।

### वेस्टइंडीज का टॉप ऑर्डर हुआ फेल

वेस्टइंडीज का टॉप ऑर्डर पूरी तरह फेल हो गया। ओपनर एलिक एथनॉज 5 रन, जस्टिन ग्रीव्स 1 रन, शाई होप 12 रन और केवेम हॉज 11 रन बना कर आउट हुए। वहीं, हेडन वॉल्श 20 रन, रोमारियो शेफर्ड 0 रन, मैथ्यू फोर्डे और गुकेश मोती 3 रन बना कर पवेलियन लौटे। ओशेन थॉमर 2 रन बना कर नाबाद रहे।

### जेवियर बार्टलेट का शानदार प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया के लिए राइट आर्म पेसर जेवियर बार्टलेट ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 4 विकेट लिए। उनके अलावा सीन एबट और कैमरन ग्रीन को 2-2 विकेट मिले। वहीं, एडम जम्पा को एक सफलता मिली।

### ऑस्ट्रेलिया के तीन बैटर्स के अर्धशतक

ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड और जोस इंग्लिस ने ओपन किया। हेड 4 रपन बना कर आउट हुए। वहीं, इंग्लिस 65 रन बना कर पवेलियन लौटे। कैमरन ग्रीन 77 रन और स्टीव स्मिथ 79 रन बना कर नाबाद रहे और मैच जिताया। वहीं, वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू फोर्डे और गुकेश मोती को 1-1 विकेट मिला।

### अगला मुकाबला सिडनी में

टीम का अगला मुकाबला सिडनी में 4 फरवरी को होगा। इसके बाद सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच कैन?बरा में खेला जाएगा। वनडे के बाद दोनों टीम तीन टी-20 की सीरीज खेलेंगी।

## चेन्नई ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सुमित नागल

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टेनिस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई सुमित नागल करेंगे। विश्व में 121वीं रैंकिंग के सुमित ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 31वीं वरीय कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया था। उनके अलावा रामकुमार रामानाथन और शशिकुमार मुकुंद भी खेलेंगे। दोनों को वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश दिया गया है। इटली के ल्यूका नार्डी को शीर्ष वरीयता दी गई है। युगल में अर्जुन खाडे और जीवन नेदुनचेझियन को शीर्ष वरीयता मिली है। चैलेंजर सीरीज के तहत अगले तीन टूनामेंट बंगलूरू, पुणे और दिल्ली में खेले जाएंगे। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में इतिहास रचा था। वह 1989 के बाद से ऑस्ट्रेलियन ओपन में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए थे।

## एफआइएच प्रो लीग के लिए हरमनप्रीत को मिली भारतीय हॉकी टीम की कमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे, जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम का एलान किया। भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे। गोलकीपिंग का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक संभालेंगे। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, ह्यहमने काफी संतुलित टीम चुनी है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं।

महत्वपूर्ण न्यूज

## भारतीय क्लब के पूर्व सचिव की मनमानी के खिलाफ खटखटायेंगे अदालत का दरवाजा : प्रकाश राम गुप्ता



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास-राजगंज रोड स्थित राजस्थानी धर्मशाला में शुक्रवार को भारतीय क्लब के नवगठित पदाधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन कर भारतीय क्लब के पूर्व सचिव डॉ मृणाल पर कई गंभीर आरोप लगाये। पदाधिकारियों ने कहा कि 19 महीने से बिजली बिल बकाया है। क्लब में मैगजीन का आना बंद हो गया है। एक दैनिक अखबार द्वारा 200 प्रतियोगितात्मक पत्रिकाएं दी गई जो अभी भी बोरी में बंद है। पिछले 15 वर्षों से एक भी बैठक नहीं बुलायी गयी है। ना ही आय व्यय प्रस्तुत किया है। अपने बचाव में कथित राजनीतिक लोगों को बुलाकर कमेटी में जगह दी है। एक पॉकेट कमेटी का गठन किया गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि क्लब को सुचारू रूप से चलाना इस नवगठित कमेटी का मुख्य उद्देश्य है। पूर्व के सचिव द्वारा मनमानी नहीं बंद किया गया तो अदालत की शरण में जाएंगे। मौके पर भारतीय क्लब के अध्यक्ष श्रवण खेतान, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, सचिव प्रकाश राम गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज खेमका के अलावे राजकुमार मधु, उदय वर्मा, पप्पू साव, संतोष अग्रवाल, नीतिश शर्मा, उदय केसरी, पंकज गुप्ता, बबलू बर्मन, मनीष साव, दीपक केसरी,बबलू बनर्जी, सुनील सिंह, कुंदन सिंह, चेतन शर्मा, श्याम किशोर कल्लू आदि उपस्थित थे।

## हजरत चिमनी शाह बाबा की दरगाह पर किन्नर समाज ने चढ़ायी चादर, किया कंबल वितरण



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश किन्नर समाज की ओर से शुक्रवार को कोयलांचल के प्रसिद्ध हजरत चिमनी शाह बाबा की दरगाह पर गाजे बाजे के साथ चादरपोसी की गई। सबसे पहले सुबह में झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के अध्यक्ष छमछम देवी ने गरीबों और कुष्ठ रोगियों के बीच अनाज, राशि और कंबल का वितरण किया। कहा कि हमारा समाज जजमानों से बधाई लेने के बाद उसका उपयोग सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि गरीबों और लचारों को भी सहायता पहुंचाते हैं। गरीब लड़कियों की शादी में सहायता करते हैं और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए गरीब बच्चों को पुस्तक कलम आदि देते हैं। हमलोग जजमानों के लिए दुआ करती हैं कि हमारा वे खुश रहे, जिससे हमारा समाज और गरीब तबके के लोग के चेहरे पर खुशी आए। इस मौके पर निर्मला किन्नर, काजल किन्नर, रेखा किन्नर, राखी किन्नर, श्वेता किन्नर, कलावती किन्नर, सोनम किन्नर आदि मौजूद थे।

## सुरेश महतो ने किया सिलाई सेंटर का उद्घाटन



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा के धनबाद जिला प्रभारी सह टुंडी के भाजपा नेता सुरेश महतो ने प्रखंड के सुदूर ग्राम भोजूडीह में शुक्रवार को सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस सिलाई सेंटर के खुलने से आसपास की युवतियां-महिलायें स्वरोजगार से जुड़ेंगी और आत्मनिर्भर बनेगी। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला, मजदूर सहित सभी वर्ग के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं के प्रति भी केंद्र सरकार विशेष योजनाएं ला रही है। जरूरत पड़ी तो केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ भी इन्हें दिया जाएगा। सुरेश महतो ने केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट की भी सराहना की। मौके पर दयानंद तिवारी, रविंद्र ओझा, शरद दुधानी, विक्रांत उपाध्याय, अशोक महतो, दिनेश महतो, प्रदीप जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### चार को गोल्फ ग्राउंड में बनेगा झामुमो का 52वां स्थापना दिवस

# बेदाग होकर निकलेंगे हेमंत सोरेन

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित लगेगा दिग्गजों का मेला

**2024 में जनता भाजपा के हर जुल्म का देगी जवाबः अमितेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



संवाददाता सम्मेलन कर कार्यक्रम की जानकारी देते अमितेश सहाय व अन्य।

**धनबाद।** अमितेश सहाय ने कहा कि झामुमो का 52वां स्थापना दिवस इस वर्ष भी कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ मनाएंगे। हालांकि हम सभी को यह मलाला रहेगा कि उक्त कार्यक्रम में संगठन के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित नहीं हो पायेगें। कहा कि राज्य के साथ देश ने भी देखा कि किस तरह केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरपयोग कर रही हैं। यही नहीं, केंद्र सरकार के इशारे पर ही राज्यपाल सांविधानिक मूल्यों को दरकिनार कर बहुमत प्राप्त महागठबंधन को सरकार बनाने का न्योता देने में विलंब किया। हालांकि राज्य ओर देश कि सजग जनता के विरोध के आगे राजभवन को भी झुकना पड़ा । सत्य कि जीत हुई और पुनः मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन कि सरकार राज्य में स्थापित हुई। कहा कि हम लोगों को विश्वास है कि हेमंत सोरेन बेदाग होकर जेल से निकलेंगें और जल्द हम सभी के बीच होंगे। जबकि केंद्र सरकार की इस हरकत का जनता 2024 में वोट के जरिए जवाब देगी। देश और झारखंड में फिर से महागठबंधन कि सरकार बनेगी। वहीं, अपने संबोधन में लखी सोरेन ने कहा कि झामुमो अपना 52वां स्थापना दिवस उसी तेवर के साथ मनाएगा जैसा पहले मनाती आई है। केंद्र के इशारे पर हेमंत सोरेन पर जो कार्रवाई की गई है उससे पार्टी कार्यकर्ता व आम जनता आक्रोशित हैं। पर यह आक्रोश सड़क पर नहीं बल्कि 4 फरवरी को गोल्फ ग्राउंड में दिखेगा। जहां हजारों लोग जुटेंगे। वहीं, जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा कि झामुमो का स्थापना दिवस हमारे लिए एक त्योहार है। इस बार कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक कार्यकर्ता एवं आम लोग भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, राजमहल सांसद विजय हांसदा, पूर्व मंत्री हफिजुल हसन, विधायक बसंत सोरेन, पूर्व मंत्री बेबी देवी, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, केंद्रीय महासचिव सह राज्य मंत्री आदि उपस्थित होंगें। इस मौके पर जिला प्रवक्ता समीर रवानी उपस्थित थे।

## स्टेशन परिसर से लोहा चोरी करता युवक गिरफ्तार

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरासगढ़ स्टेशन पर शुक्रवार अहले सुबह पश्चिमी छोर में आईओडब्ल्यू के स्टोर रूम में रखे स्क्रैप लोहे के बड़े-बड़े भल्ब चोरी करते हुए आरपीएफ की टीम ने एक युवक को रंगेहाथ दबोच लिया। हालांकि तीन अन्य भाग निकले। खबर पाकर धनबाद से आरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार, सब इंस्पेक्टर अभाष चंद्र सिंह व ईशान आदि पहुंचे और फरार युवकों की तलाश की, लेकिन उन्हें कोई नहीं मिला।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice
Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 16 /2023-24
Date:: -01-02-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Renovation of S.C. Hostel Amaritanagar, Sadar Block-Sadar, District :-Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 9191697/- |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 5-02-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 12-02-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,Building Division, Hazaribag

PR.NO.317669 Building(23-24):D


## धनबाद में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों की डीसी ने की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी वरुण रंजन ने 4 फरवरी को राहुल गांधी की धनबाद में आयोजित होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के ग्राउंड सिचुएशन रिपोर्ट व सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। डीसी ने यात्रा का धनबाद जिले में प्रवेश, स्वागत, रात्रि विश्राम स्थल की सुरक्षा, लाइटिंग, साफ सफाई, सुरक्षा बलों के आवासन, मोटर कारकेड, एम्बुलेंस आदि विषयों की बिंदुवार समीक्षा की। यात्रा के दौरान राहुल गांधी बस से कहां-कहां उतरकर लोगों से मिलेंगे, कहां-कहां बस के ऊपर रहेंगे और कहां-कहां पैदल यात्रा करेंगे, के बारे में भी डीसी ने विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राहुल गांधी से मिलने वाले लोगों की अच्छे से जांच करने और बिना वैध पहचान पत्र के किसी को पास जाने की इजाजत नहीं देने का निर्देश दिया। साथ ही विश्राम स्थल, प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी आदि मौजूद थे।

## चंदनक्यारी से भ्रष्ट अधिकारियों को भगाना होगा : उमाकांत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू की तुरी डीह पंचायत भवन प्रांगण में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें ग्रामीण कमेटी को मजबूत करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनक्यारी को भ्रष्टाचार दीमक की तरह चाट रहा है। विकास की स्थिति भयावह है। चंदनक्यारी के विकास के लिए भ्रष्ट अधिकारियों को भगाना होगा। कहा कि चंदनक्यारी ग्रामीण क्षेत्र है। जहां खेती बाड़ी ही लोगों की आय का स्त्रोत है। जहां से अधिकारी कमिश्न निकालने की फिराक में रहते है। ऐसे अधिकारियों के प्रति दया-भावना की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि आजसू के कार्यकर्ता को इन मामलों में पैनी नजर रखनी होगी क्योंकि राजनीति में सबसे ज्यादा प्राथमिकता प्रशासन का होता है। अगर प्रशासन में लापरवाही हो तो उसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। जो भ्रष्ट्र अधिकारी हैं उन्हें सबक सिखाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीत महतो ने किया। मौके पर भोलानाथ गोप, रमा देवी, समरेश महतो, विश्वनाथ महतो, बीरबल राय, भक्ति पद महतो, उर्मिला देवी, राजाराम महतो, दुर्गा चरण महतो, खीरेशवर महतो, लाटू महतो, वासुदेव रजक, प्रभाष चंद्र महतो, हाफिज अंसारी, शत्रुघ्न महतो आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय, नगर पंचायत, डोमचॉच**

आम सूचना
(दर आमंत्रण सूचना)

नगरीय प्रशासन निदेशालय के पत्रांक 1631 दिनांक 18.10.2023 के निदेशानुसार भारत सरकार शहरी और आवासन कार्य मंत्रालय के द्वारा वित्तिय वर्ष 2023–24 में लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसमें DAY-NULM के SEP घटक के तहत कुल 27 ऋण प्राप्त लाभुकों को छः दिवसीय गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक एजेंसी / एन०जी०ओ० इत्यादि दिनांक 08.02.2024 को कार्यालय अवधि तक कार्यालय में अपना दर (EDP प्रशिक्षण प्रति लाभूक) एवं संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाईल नं० के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

1. एजेंसी / एन०जी०ओ० इत्यादि का पंजीकरण / Affiliation हो।
2. Entrepreneurship development/training etc- का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3. अनुभव प्रमाण पत्र / ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देय होगा।
4. एजेसी / एन०जी०ओ० के अधिनस्त कार्यरत ट्रेनर को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. एजेंसी / एन०जी०ओ० को डोमचॉच नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए क्लास रूम (हवादार एवं रौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
6. एजेंसी / एन०जी०ओ० को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रत्येक बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
7. एजेंसी / एन०जी०ओ० को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चॉट पेपर, स्केच पेन, डायरी /कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
8. एजेंसी / एन०जी०ओ० को प्रत्येक वैच में अधिक्तम 30–31 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देना होगा।
9. एजेंसी / एन०जी०ओ० को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
10. एजेंसी / एन०जी०ओ० का PPT Presentation दिनांक 09.01.2024 को किया जायेगा एवं उसके उपरान्त चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

अधिक जानकारी हेतु मोबाईल सं0 6207805284 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचॉच

PR 317693 Urban Development(23-24).D


## झरिया विधायक मद से स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास

# पूर्णिमा नीरज सिंह जन-जन की समस्याओं के समाधान को लेकर रहती हैं तत्परः केडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** विधायक सह सचेतक (सत्तारूढ़ दल) पूर्णिमा नीरज सिंह के विधायक मद से स्वीकृत योजना का विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय ने शुक्रवार को शिलान्यास किया। इसमें छह लाख 28 हजार 400 रुपये की लागत से शालीमार में मुनेर बाईक रिपेयरिंग के समीप सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण और तीन लाख रुपये की लागत से शिमलाबहाल फुटबॉल मैदान में सार्वजनिक शेड निर्माण शामिल है। इस दौरान पत्रकारों ने कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति के अध्यक्ष मुखतार अहमद के नेतृत्व में विधायक प्रतिनिधि का स्वागत किया और विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विकाश कार्य को लेकर आभार जताया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि विधायक की पहल पर झरिया में चहुमुखी विकास हो रहा है। विधायक जी जन-जन की समस्याओं के समाधान को लेकर हमेशा तत्पर रहती हैं। इस मौके पर मुख्तार अहमद, राहुल मिश्रा, सुनील सिंह, आदित्य सिंह, अशोक श्रीवास्तव, रामनारायण राय, संजय पाण्डेय, अरुण कुमार, उमेश प्रसाद चौधरी, कमलेश सिंह, सोनू अंसारी, सीडी मिश्रा, समीम हुसैन, राजकुमार तांती, आलम अंसारी, जावेद अख्तर, मनोज यादव, मो अरमान, सत्यनारायण शर्मा, रवि रंजन विश्वकर्मा, लव कुमार वर्णवाल, महेश शर्मा, आरपी शर्मा, गुलजार आलम, मंगल सिंह, आशीष घोष, कार्तिक वर्मा, जगत नारायण पाठक, नागेश्वर पासवान, सतीश सिंह, शशिधर मिश्रा, मनोज साव, रविंद्र प्रसाद, मोजहरुल, दीपक गुप्ता, सतेंद्र सिंह, सूर्यभान मिस्त्री, सचिन सिंह, सूरज पासवान, मो रिजवान, शंकर झा, हरेराम सिंह, जीतन सिंह, विद्यासागर पांडेय, सोनू तुरी, राजू ठाकुर, पवन कुमार, ऋषु सिंह और अमन सिंह आदि उपस्थित थे।

## विहिप कार्यकर्ता जा रहे अयोध्या धाम : सोनू गिरी

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में राम मंदिर स्थापना के लिए सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार रहनेवाले विश्व हिंदू परिषद (विहिप) कार्यकर्ताओं को प्रभु श्रीराम के बाल्यरुप का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। देश से सभी कार्यकर्ता शनवार को अयोध्या धाम पहुंचेगें। उक्त जानकारी विहिप के जिला मंत्री सह धनबाद यात्रा प्रभारी सोनू गिरी ने दी। बताया कि झारखंड से लगभग 1380 कार्यकर्ता आस्था ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। इनमें धनबाद जिला से 31 कार्यकर्ता को रेलवे ने यह तोहफा दिया है। इनमें सिंदरी से धनबाद प्रभारी प्रभारी सोनू गिरी, सोनू सिंह, सिंटू कुमार, रंजीत कुमार निषाद, देव कर्मकार, अमन कुमार ठाकुर, करण महतो, प्रकाश कुमार शामिल हैं। इस यात्रा की शुरूआत शुक्रवार को टाटा स्टेशन से शुरू होकर चक्रधरपुर, राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो स्टील सिटी, गोमो, कोडरमा, गया होते हुए वाराणसी पहुंचेंगी। यहां 4 घंटे के विश्राम के बाद गंतव्य स्थान प्रभु के धाम अयोध्या पहुंचेगी इसके लिए स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था रेलवे ने की है।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (विकास शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

विज्ञापन PR No– 317068 दिनांक–27.01.2024 एव कार्यालय ज्ञापांक–32 दिनांक– 25.01.2024 द्वारा कोडरमा जिला अन्तर्गत आंगनबाडी केन्द्रों के लिए **Growth Monitoring Device** क्रय हेतु प्रकाशित इच्छा की अभिव्यक्ति में निम्न संशोधन किया जाता है।

**निविदा की अन्य शर्तें :–**

**कंडिका–** 1 के SL No. 3 Mother & Child (2-In-1) Weighing Scale का Qty.-577 के स्थान पर 657 किया जाता है।

पूर्व में प्रकाशित इच्छा की अभिव्यक्ति को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेंगे।

**नोट :–** उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा।

PR.NO.317689 Koderma(23-24):D



**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**

–: आवश्यक सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 36 होल्डिंग धारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया गया है। वैसे होल्डिंगधारी सात (07) दिनों के अन्दर नगर पंचायत कोडरमा के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा –184 के क्रम संख्या 16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| Sl No. | Ward No | Holding No | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | '0010000222000X4 | ASIM SARKAR | AJIT KUMAR | RANCHI PATNA ROAD KODERMA | 38676.5 |
| 2 | 1 | '0010000318000M0 | Manju devi & others | RUPLAL SINGH | Dumariya tand koderma | 22648.56 |
| 3 | 1 | '0010000150000X4 | Raj kumar yadav | BARHAMDEV YADAV | Bonakali mandir koderma | 31626.04 |
| 4 | 1 | '0010000246000X1 | RAM NARAYAN SAW WAGAIRAH | LT BHIKHI SAW | KODERMA BAJAR KODERMA | 32279.31 |
| 5 | 1 | '0010000360000F2 | SANJEEV KUMAR BURNWAL | ASHOK KUMAR BURNWAL | BONA KALI KODERMA | 12924.21 |
| 6 | 2 | '0020000110000A1 | RUKSHANA BANO | WAZID ALI | TIWARI BANGLA KODERMA | 20495.1 |
| 7 | 2 | '0020000202000F2 | S B INDANE (EJAZ AHMAD) | LT MD SABBAN | Behrwatand koderma | 12407.22 |
| 8 | 2 | '0020000201000X2 | S B STEEL | LT MD SABBAN | Behrwatand koderma | 21303.87 |
| 9 | 2 | '0020000297000A1 | UDAY KUMAR SINGH | TUPHANI SINGH | NEW COLONY KODERMA | 41059.17 |
| 10 | 3 | '0030000327000M0 | RAMESHWAR PRASAD GUPTA | JANKI PRASAD GUPTA | BEHERWATAND KODERMA | 24869.19 |
| 11 | 5 | '0050000190000A1 | MD SABBIR,& MD IDRIS | JENUL ABSIN | JALWABAD NEAR MASJID KODERMA | 13944.75 |
| 12 | 6 | '0060000116000A1 | INDRADEV RASAD YADAV | BASUDEV YADAV | MAHAVEER MUHALLA KKODERMA | 28114.7 |
| 13 | 7 | '0070000091000X1 | DROPATI DEVI | RAJENDRA PRASAD SINGH | BY PASS ROAD KODERMA | 25363.07 |
| 14 | 8 | '0080000196000L1 | D D U G K Y(INDIA CAM) | PARSHURAM KUMAR | OPPSIT POLICE STATION KODERMA | 12443.31 |
| 15 | 8 | '0080000006000X1 | MANOJ PANDIT | LT DEVI PANDIT | BY PASS ROAD NEAR RAJENDRA CHOWK KODERMA | 12549.25 |
| 16 | 8 | '0080000405000X1 | PRADEEP KUMAR PANDEY | YOGANAND PANDEY | RANCHI-PATNA ROAD JHANDA CHOWK, KODARMA. | 38684.47 |
| 17 | 8 | '0080000432000X1 | SANTOSH KUMAR | BRAHAMDEV SINGH | BY PASS ROAD SANGAM FURNITURE | 42019.84 |
| 18 | 8 | '0080000179000X1 | SHYAM KISHOR SINGH | LT RAM LAKHAN SINGH | RANCHI PATNA ROAD | 16016.31 |
| 19 | 8 | '0080000200000X1 | SUNITA DEVI | MADHUSUDAN TIWARI | BY PASS ROAD NEAR RAJENDRA CHOWK KODERMA | 52611.03 |
| 20 | 9 | '0090000279000X1 | RAVIKANT CHOUDHARY | VIVEKANAND CHOUDHARY | NEAR SBI KODERMA | 54636.8 |
| 21 | 9 | '0090000253000A1 | SATDEV PRASAD | , | KODERMA BAJAR KODERMA | 22942.81 |
| 22 | 9 | '0090000254000D1 | SHASHI PRABHA DEVI | VIVEKANAND CHOUDHARY | GANDHI CHOWK RANCHI PATNA ROAD | 39677.09 |
| 23 | 9 | '0090000124000X4 | SUMITRA DEVI & PRAMILA DEVI | KAILASH RAM | KODERMA BAJAR KODERMA | 17194.74 |
| 24 | 10 | '0100000203000A1 | DR. URMILA CHOIUDHRY | K.K. CHOUDHARY | SAHANA ROAD KODERMA | 14564.4 |
| 25 | 10 | '0100000202000X1 | DR. URMILA CHOUDHARY | K.K. CHOUDHARY | SAHANA ROAD KODERMA | 42078.06 |
| 26 | 10 | '0100000016000A1 | GEETA DEVI | RAMCHANDRA PRASAD | HP PETROL PUMP RANCHI PATNA ROAD COALTEX KODERMA | 15259.51 |
| 27 | 10 | '0100000064000A1 | NAND KISHOR YADAV | | DUDHIMATI KODERMA | 22853.13 |
| 28 | 10 | '0100000187000X1 | RAJ KUMARI DEVI | LT GANGA PRASAD HALWAI | RANCHI PATNA RAOD KODERMA | 16000.03 |
| 29 | 10 | '0100000143000A1 | RAJENDRA KUMAR | SUKAR SAW | DUDHIMATI KODERMA | 11469.47 |
| 30 | 11 | '0110000050000A1 | PREM KUMAR PANDEY | BHAGIRATH PANDEY | DUDHIMATI NEAR YUVRAJ HOTEL | 44786.86 |
| 31 | 13 | '0130000075000A1 | RUNA DEVI | MATHURA SINGH | PURNA NAGAR ROAD KODERMA | 14309.55 |
| 32 | 13 | '0130000005000A1 | SANTOSH KUMAR SINGH | HARI SHANKAR SINGH | PURNA NAGAR ROAD | 21091.05 |
| 33 | 14 | '0140000230000M0 | MAHADEV SINGH | DURGA SINGH | BY PASS ROAD NEAR HANUMAN MANDIR | 142222.02 |
| 34 | 14 | '0140000237000D1 | RAJENDRA KUMAR PANDEY | NAWAL KISHOR PANDEY | JAY NAGAR ROAD | 28721.07 |
| 35 | 14 | '0140000047000A1 | RAJENDRA SINGH | JAGDISH SINGH | NEAR HANUMAN MANDIR BY PASS ROAD KODERMA | 21601.07 |
| 36 | 14 | '0140000249000C1 | Vijay Yadav | Chintamani Yadav | Koderma, Ward No.- 14, P.S.- Koderma | 15457.5 |

ह0/–
प्रशासक, नगर पंचायत कोडरमा

PR.NO.317728 Urban Development(23-24):D

# पीएम मोदी आज ओड़िशा का दौरा करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को लगभग 2:15 बजे, ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 68,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास रखेंगे। देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप, ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओडिशा के संबलपुर में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कई परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री 'जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल)' के 'धामरा - अंगुल पाइपलाइन खंड' (412 किलोमीटर) का उद्घाटन करेंगे। 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' के अंतर्गत 2450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित यह परियोजना ओडिशा को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी। प्रधानमंत्री मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन के 'नागपुर झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन खंड' (692 किमी)' की आधारशिला भी रखेंगे। यह परियोजना 2660 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित की जा रही है, जिससे ओडिशा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में काफी सुधार होगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री लगभग 28,980 करोड़ रुपये लागत की कई विद्युत परियोजनाओं का लोकार्पण और आधारशिला भी रखेंगे। राष्ट्र को समर्पित की जाने वाली इन परियोजनाओं में ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले में एनटीपीसी दरलीपाली सुपर थर्मल पावर स्टेशन और एनएसपीसीएल राउरकेला पीपी-क्कविस्तार परियोजना शामिल हैं। प्रधानमंत्री ओड़िशा के अंगुल जिले में एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला भी रखेंगे। ये विद्युत परियोजनाएं ओड़िशा के साथ-साथ कई अन्य राज्यों को भी किफायती बिजली की आपूर्ति करेंगी।

प्रधानमंत्री 27000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की नेवेली



लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एनएलसी) तालाबीरा थर्मल पावर परियोजना की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विजन को मजबूत करते हुए, यह अत्याधुनिक परियोजना देश की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देगी और यह विश्वसनीय, किफायती तथा चौबीस घंटे उपलब्ध बिजली की आपूर्ति करते हुए देश की आर्थिक प्रगति एवं समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

प्रधानमंत्री अंगुल जिले के तालचेर कोलफील्ड्स में फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं - भुवनेश्वरी चरण-। और लाजकुरा रैपिड लोडिंग सिस्टम (आरएलएस) सहित महानदी कोल फील्ड्स लिमिटेड की कोयला बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लगभग 2145 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजनाएं ओड़िशा से शुष्क ईंधन की गुणवत्ता और आपूर्ति को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ओडि]शा के झारसुगुड़ा जिले में 550 करोड़ रुपये से अधिक लागत से तैयार आईबी वैली वाशरी का भी उद्घाटन करेंगे। यह गुणवत्ता, नवाचार और स्थिरता का प्रदर्शन करते हुए कोयला प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण परिवर्तन का प्रतीक होगा। प्रधानमंत्री महानदी कोल फील्ड्स लिमिटेड द्वारा 878 करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित झारसुगुड़ा-बारपाली-सरडेगा रेल लाइन चरण-1 की 50 किमी लंबा दूसरा ट्रैक भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

प्रधानमंत्री 2110 करोड़ रुपये की संचयी लागत से विकसित राष्ट्रीय राजमार्गों की तीन सड़क क्षेत्र परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं में एनएच 215 (नया एनएच नंबर 520) के रिमुली-कोइडा खंड को चार लेन का करना, एनएच 23 (नया एनएच नंबर 143) के बिरमित्रपुर-ब्राह्मणी बाईपास अंतिम खंड को चार लेन करना और ब्राह्मणी बाईपास एंड-राजामुंडा खंड को चार लेन बनाना शामिल है। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी बढ़ायेंगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी अपना योगदान देंगी।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री लगभग 2146 करोड़ रुपये लागत की रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और आधारशिला रखेंगे। वह संबलपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे, जिसकी वास्तुकला शैलश्री पैलेस से प्रेरित है। वह इस क्षेत्र में रेल नेटवर्क क्षमता को बढ़ाने के लिए संबलपुर-तालचेर दोहरीकरण रेलवे लाइन (168 किलोमीटर) और झारतरभा से सोनपुर नयी रेलवे लाइन (21.7 किलोमीटर) भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को भी झंडी दिखायेंगे, जिससे क्षेत्र में रेल यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा। प्रधानमंत्री आइआइएम संबलपुर के स्थायी परिसर का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वह झारसुगुड़ा प्रधान डाकघर विरासत भवन भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

# एनटीपीसी बोंगाईगांव ने बैठक कर विक्रेता संबंध को मजबूत किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव के अनुबंध और सामग्री ( सी एंड एम ) विभाग ने 1 फरवरी को एनटीपीसी बोंगाईगांव के कर्मचारी कल्याण संघ हॉल में एक अत्यधिक सफल दिन भर चलने वाली विक्रेता बैठक का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विक्रेता संबंध कार्यक्रम का एक हिस्सा था और इसमें 60 से अधिक विक्रेता उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन करुणाकर दास बिजनेस यूनिट हेड एनटीपीसी बोंगाईगांव ने किया, जिनके साथ सम्मानित अतिथि केसी मुरलीधरन मुख्य महाप्रबंधक और इंदुरी श्रीनिवास रेड्डी महाप्रबंधक उपस्थित थे। श्री दास ने अपने उद्घाटन भाषण में एनटीपीसी बोंगाईगांव की क्षमता और भविष्य के प्रक्षेप पथ को रेखांकित किया, और देश के विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने व्यापारिक साझेदारों के महतपूर्ण योगदान की सराहना की और सभी प्रयासों में ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया।

श्री दास के संबोधन से पहले, वरिष्ठ प्रबंधक सिद्धार्थ कुमार सरकार ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और एनटीपीसी बोंगाईगांव के भीतर विभिन्न पहलों और अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की। विक्रेताओं ने बातचीत को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी बोंगाईगांव की प्रतिबद्धता की सराहना की, जहां साइट प्रबंधन द्वारा उनकी चिंताओं को गंभीरता से सुना गया और संबोधित किया गया, जिससे त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। बैठक के दौरान एक व्यापक प्रस्तुति ने विक्रेताओं के लिए मजबूत प्रक्रियाओं और प्रणालियों पर प्रकाश डाला। इसमें आपसी सफलता के लिए बुनियादी सिद्धांतों के रूप में दोतरफा संचार, अखंडता और पारदर्शिता पर जोर दिया गया। इस इंटरैक्टिव सत्र ने अपने विक्रेताओं और ठेकेदारों के साथ स्थायी साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी बोंगाईगांव की प्रतिबद्धता का प्रमाण दिया।

# समावेशी और रचनात्मक बजट है : सामल

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** अंतरिम केंद्रीय बजट केवल एक मध्यम अवधि का बजट नहीं है, बल्कि एक समावेशी और रचनात्मक बजट है। पिछले 10 वर्षों में विकसित भारत के सपने को ध्यान में रखते हुए और 2047 तक निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह बजट निश्चित रूप से मदद करेगा। देश की चार श्रेणियों महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों का उत्थान हो तो देश की प्रगति तय है और यह बजट विकसित भारत की गारंटी है। बजट में विकसित भारत के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री ने शहर से लेकर गांव तक सभी के लिए 5 वर्षों में 4 करोड़ की आवास योजना का प्रावधान किया है। मोदी सरकार में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। इसी तरह 3 करोड़ माताओं-बहनों को एसएचजी के माध्यम से 'लक्षपति दीदी' बनाने के लिए बजट में आवंटन किया गया है। मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए कोई टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। पीएम मत्स्य पालन योजना का विस्तार किया गया है। यह बजट पूरे देश के आर्थिक विकास की दिशा में आत्मनिर्भरता और रोजगार की गारंटी को दर्शाता है। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा, विकसित भारत की ओर एक कदम आगे। प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री सामल ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीब कल्याण योजना में कई योजनाएं चलायी हैं। मौके पर प्रदेश संपादक डॉ यतिन महांति, प्रदेश प्रवक्ता सज्जन शर्मा, रमारंजन बलियारसिंह, दिलीप मल्लिक, राजेंद्र पंडा, प्रदेश मीडिया प्रमुख सुजीत दास उपस्थित थे।

# आज 28,978 करोड़ की पावर परियोजनाओं का होगा उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एनटीपीसी दलीपाली सुपर थर्मल पावर स्टेशन, एनएसपीसीएल राउरकेला पीपी-2 एक्पेंशन प्रोजेक्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। साथ ही एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-3 का शिलान्यास भी करेंगे। इन सभी परियोजनाओं में कुल 28,978 करोड़ का निवेश किया गया है। ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थित दलीपाली एसटीपीपी सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी से युक्त पिट-हैड पावर स्टेशन है और अपने लाभार्थी राज्यों जैसे ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, गुजरात और सिक्किम को कम लागत की विद्युत की आपूर्ति कर रहा है। स्टील प्लांट को भरोसेमंद विद्युत उपलब्ध कराने के लिए एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी की 250मेगावॉट परियोजना राउरकेला में स्थापित की गयी है, जो आर्थिक विकास को सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा, एनटीपीसी ओडिशा के अंगुल जिले में पुराने टीटीपीएस प्लांट परिसर में तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-3 का विकास कर रही है, जिसे साल 1995 में ओडिशा राज्य विद्युत बोर्ड से एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहीत कर लिया गया था।

प्लांट में अत्यधिक प्रभावी अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित युनिट्स होंगी और पुराने टीटीपीएस प्लांट की तुलना में इसकी क्षमता तकरीबन तीन गुना होगी। इस परियोजना की 50 फीसदी क्षमता को ओडिशा राज्य को समर्पित किया गया है, अन्य लाभार्थी राज्यों जैसे तमिलनाडु, गुजरात और असम को भी इस पिट-हैड स्टेशन से कम लागत की विद्युत प्राप्त होगी। क्षेत्र में रोजगार के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अवसर उत्पन्न करने के साथ-साथ ये परियोजनाएं बुनियादी ढांचे के सुधार में भी योगदान देंगी। इन परियोजनाओं के विकास के साथ परियोजना से जुड़ी सड़क, ड्रेनेज एवं परिवहन एवं संचार प्रणालियों में सुधार होगा। एनटीपीसी आस-पास के समुदायों में शिक्षा, पेयजल, सेनिटेशन, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण खेलों आदि में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। एनटीपीसी ने ओडिशा के सुंदरगढ़ में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भी स्थापित किया है।

# सीयूइटी पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र सात तक जमा करें

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा सीयूइटी (पीजी) 2024 के माध्यम से प्रस्तावित विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 फरवरी तक बढ़ा दी गयी है। शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी ने ओड़िशा के केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित केंद्रीय और अन्य भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानों/संगठनों/स्वायत्त कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूइटी) आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को सौंपा है। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ राकेश लेंका ने https://pgcuet.samarth.ac.in वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा करने का अनुरोध किया है। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में 13 पीजी पाठ्यक्रम (2 वर्ष) प्रदान कर रहा है। जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में ट.रू को जीवन विज्ञान में बदलने की योजनाएं हैं। पात्रता मानदंड का विवरण ओडिशा केंद्रीय विवि की वेबसाइट www.cuo.ac.in और एनटीए की वेबसाइट https://pgcuet.samarth.ac.in पर उपलब्ध है।

# एमसीएल की 2145 करोड़ की 4 परियोजनाओं का उद्घाटन आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) उदय अनंत काओले ने शुक्रवार को पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के कर कमलों से 2145 करोड़ रुपये की एमसीएल की चार परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। सीएमडी श्री काओले ने कहा कि इन परियोजनाओं में दो फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन की जाने वाली अन्य परियोजनाओं में सालाना 10 एमटीपीए गैर-कोकिंग कोयला धोने की क्षमता वाली ईब वैली वॉशरी शामिल है। सीएमडी श्री काओले ने कहा कि ओड़िशा के झारसुगुड़ा जिले में 557 करोड़ रुपये की कुल लागत से निर्मित यह महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा, गुणवत्तायुक्त कोयला परिष्कृत करने में एक आदर्श बदलाव लायेगा। प्रधानमंत्री झारसुगुड़ा-बारपाली-सरडेगा रेल लाइन चरण-1 का 50 किलोमीटर लंबा दूसरा ट्रैक भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो 878 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के साथ ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पत्रकार सम्मेलन में एमसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों यथा केशव राव, निदेशक (कार्मिक), जुगल कुमार बोरा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) और एके बापट, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) आदि उपस्थित थे।

# सिनेमा जगत और राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है : मनमोहन सामल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ फिल्म अभिनेता साधु मेहेर का 84 वर्ष की आयु में मुंबई में असामयिक निधन हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल एवं विरोधी दल नेता जयनारायण मिश्र ने स्वर्गत साधू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। जन्मजन्मा अभिनेता के रूप में, साधू मेहेर ने कई उड़िया और हिंदी फिल्मों में अपने त्रुटिहीन अभिनय के लिए ख्याति अर्जित की है। स्वर्गत मेहेर फिल्मी में उनकी जीवन भर की उपलब्धि के लिए उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।













VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**